मंगलवार, 10 मार्च 2026

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष
सप्तमी, वि.स. 2082,
पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

**सुविचार :** मन की शान्ति से बढ़कर इस दुनिया में कोई भी संपत्तित नहीं।

स्थानीय खबरें
पृष्ठ दो, चार, और पांच पर

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



# पश्चिम बंगाल में किसानों का कल्याण सुनिश्चित

- पीएम-किसान के तहत लगभग **₹13,000 करोड़** की आय सहायता से **54 लाख** किसान सशक्त
- **₹2,800+ करोड़** के कृषि अवसंरचना कोष से बेहतर भंडारण और बाज़ार सुविधाएं सुलभ
- प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत **₹540+ करोड़** का निवेश, मछुआरों की आजीविका को बढ़ावा
- किसान क्रेडिट कार्ड के तहत लगभग **₹580 करोड़** के ऋण से **88,000+** पशुपालन और मत्स्यपालन किसान लाभान्वित
- पर ड्रॉप मोर क्रॉप : **1.25 लाख हेक्टेयर** भूमि पर सूक्ष्म सिंचाई का विस्तार
- **1+ करोड़** सॉइल हेल्थ कार्ड से बेहतर खेती सुनिश्चित
- लगभग **380** किसान उत्पादक संगठन (FPOs), किसानों की बेहतर बाजार तक पहुंच सुनिश्चित
- कच्चे जूट के एमएसपी में **2.35** गुना वृद्धि, **40 लाख** कृषक परिवारों को सीधा लाभ



**विकसित बंगाल**
**विकसित भारत**
**पीएम मोदी का संकल्प**

CBC 01101/13/0026/2526

“ भारत सरकार के प्रयास पश्चिम बंगाल के विकास और बेहतर भविष्य की नींव को मजबूत कर रहे हैं। ”

– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## कारगर तैयारी से मौसम बदलाव का मुकाबला

हाल के वर्षों में कम समय के सर्दी के मौसम के बाद तापमान में अचानक वृद्धि, मौसम के पैटर्न में आ रहे असामान्य बदलाव का स्पष्ट संकेत है। सर्दी के बाद वसंत के मौसम का जल्दी चले जाना और जल्दी गर्मी का आना क्षेत्रीय वायुमंडल परिवर्तनों और दीर्घकालिक जलवायु परिवर्तन का कारण माना जा रहा है। जाहिर है मौसम के मिजाज में आ रहे इस असामान्य बदलाव का हमारे जीवन और आजीविका पर गहरा प्रभाव आने वाले दिनों में नजर आएगा, जिसको लेकर देशव्यापी चर्चा जारी है। खासकर उत्तर भारत के कृषि क्षेत्र में इसके नकारात्मक आर्थिक परिणामों को लेकर चिंता व्यक्त की जा रही है। चिंता की बात यह भी है कि हिमाचल प्रदेश के सेब के बागों में, कम होती ठंडक से उत्पादकता में गिरावट देखी जा रही है। दरअसल, मौसमी बदलाव फलों के नाजुक जैविक चक्र को बाधित कर रहा है, जिसके चलते उपज में भारी नुकसान के साथ-साथ गुणवत्ता में गिरावट की आशंका व्यक्त की जा रही है। इससे बचने के लिए अनुकूलन उपायों में जलवायु अनुरूप बागवानी पद्धतियों को अपनाने और दीर्घकाल में सेब पट्टी को ऊंचे क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की जरूरत होगी। आवश्यकता होगी कि हम सूखा-सहिष्णु फसलों को अपनाएं। कम जल के बेहतर उपयोग के प्रयास हों। अब सिर्फ वैकल्पिक फसलों के भरोसे ही नहीं रहा जा सकता, कई मोर्चों पर पहल करने की जरूरत होगी। कुल मिलाकर एक स्पष्ट रणनीति को अपनाकर हम बढ़ती गर्मी के दुष्प्रभावों से बच सकते हैं।

निस्संदेह, इसमें दो राय नहीं है कि मार्च के पहले सप्ताह में उच्च तापमान का महसूस होना, आने वाले संकट का स्पष्ट संकेत है। अध्ययनों से पता चलता है कि भारत में ग्रीष्म ऋतु में आने वाले लू के दिनों की संख्या 1980 के बाद से दुगनी से भी अधिक हो गई है। हमारे देश में तीव्र शहरीकरण, सघन निर्माण और हरित क्षेत्रों के लगातार जारी क्षरण के चलते भी तापमान में वृद्धि हुई है। ऐसे में बढ़ते तापमान से उत्पन्न जल व ऊर्जा संकट से निपटने के लिए तत्काल कारगर योजनाओं की जरूरत है। इसके साथ ही शीत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु में तेजी से होने वाले परिवर्तन के इस नये असामान्य परिदृश्य के लिए नागरिकों की जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के लिए भी एक नया चार्टर बनाने की आवश्यकता होगी। सरकारों की तैयारियों को लेकर भी स्पष्ट रीति-नीति का निर्धारण जरूरी है। निस्संदेह, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के निस्तारण के लिए रणनीतियों को लेकर सहभागी दृष्टिकोण प्रभावकारी हो सकता है। आने वाले समय में मौसम की चरम स्थितियां घातक साबित हो सकती हैं, जिनका मुकाबला मौजूदा अपर्याप्त प्रशासनिक योजनाओं के जरिये संभव न होगा। इसके लिए कारगर रणनीतियां बनाने की जरूरत होगी। हमें बिजली की अनुमानित मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को कम करना होगा। समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श जारी करने तथा प्रभावी उपचार की उपलब्धता भी जरूरी होगी। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि हमें बिजली और पानी की बर्बादी पर रोक लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने होंगे।

## मतदाता सूची से हटाए गए लोगों के बैंक खाते फ्रीज करेगी मोदी सरकार : अभिषेक

**❑ दिल्ली से एक नौकरशाह द्वारा फोन पर जानकारी देने का किया दावा**

**❑ कहा, भाजपा बंगाल में रच रही है बहुत बड़ी साजिश**

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता में एसआइआर के विरोध में आयोजित रैली में भाजपा के खिलाफ एक बड़ी साजिश का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली से एक नौकरशाह ने फोन पर उन्हें बताया कि भाजपा बंगाल में बहुत बड़ी साजिश रच रही है। नौकरशाह ने बताया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं, केंद्र की भाजपा सरकार उन लोगों के बैंक खाते में जमा धन जब्त करेगी। अभिषेक ने कहा कि जब आप अपना बैंक खाता अपडेट कराने जाएंगे, तो आपसे केवाईसी जमा करने और अपना वोटर कार्ड देने को कहा जाएगा। अगर आप अपना वोटर कार्ड नहीं दे पाते हैं, तो केंद्र सरकार बैंक खाते फ्रीज कर देगी। इसके बाद मोदी बाबू व भाजपा नेता जमा धन गबन कर लेंगे।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 10 मार्च, मंगलवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष सप्तमी, 25:55 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 18:58 तक, योग : हरषाना, 08:16 तक, सूर्योदय: 05:52, सूर्यास्त: 17:42, चन्द्रोदय : 23:58, चन्द्रास्त: 09:50, शक सम्वतः 1943 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 14:43 से 16:11

## राशिफल

**मेष :** आज आप एक कुशल रणनीतिकार के रूप में उभरेंगे। पर्दे के पीछे रहकर गोपनीय डेटा को संभालना या पुरानी गलतियों को सुधारना आपको पेशेवर बढ़त दिलाएगा।

**वृष :** करियर में आज बड़ी हलचल हो सकती है। दशम भाव की ऊर्जा ऑफिस में काम का दबाव बढ़ा सकती है, जिससे अधिकारियों का व्यवहार अनिश्चित रहेगा।

**मिथुन :** रिसर्च और डेटा मैनेजमेंट से प्रोग्रेस होगी। फाइल्स में छोटी गलतियों को पकड़ने की आपकी क्षमता आपको दूसरों से आगे रखेगी। महत्वपूर्ण कम्युनिकेशन को दोबारा जांचना अनिवार्य है।

**कर्क :** आपकी तरक्की टीम के साथ तालमेल बिठाने और कूटनीति के प्रयोग पर टिकी है। वक्री बुध आपको किसी पुराने अधूरे प्रोजेक्ट को फिर से शुरू करने की प्रेरणा देंगे।

**सिंह :** करियर में आज की स्थिति संभालें रखना आज की सबसे बड़ी सफलता है। पेशेवर तूफानों के बीच धैर्य रखें और बड़े बदलावों के बजाय चल रहे कार्यों को व्यवस्थित करने पर पूरा जोर दें।

**कन्या :** अनुशासन और सूक्ष्म विश्लेषण से तरक्की होगी। मुश्किल प्रोजेक्ट्स को व्यवस्थित करने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी, जिसकी उच्चाधिकारियों द्वारा सराहना की जाएगी।

**तुला :** करियर में आपकी क्रिएटिव सोच और शालीन व्यवहार आपको कॉम्पिटिटर्स से आगे रखेगा। वक्री बुधदेव पुराने निवेशों और करियर के पिछले लक्ष्यों की समीक्षा करने का अवसर देंगे।

**वृश्चिक :** पर्दे के पीछे रहकर काम करना या गहन शोध से जुड़े कार्यों में आज आपको बड़ी कामयाबी मिल सकती है। अपनी भविष्य की योजनाओं को गुप्त रखना ही आपकी जीत सुनिश्चित करेगा।

**धनु :** साहस के साथ पुराने लंबित कार्यों को निपटाना ही आज की प्राथमिकता होनी चाहिए। वक्री बुध की वजह से संचार माध्यमों या मेल में गड़बड़ी हो सकती है।

**मकर :** आपकी सोच और मैनेजमेंट स्किल्स करियर को नई ऊंचाई देगी। पुराने लाभदायक संपर्कों के फिर से सक्रिय होने से पेशेवर जीवन में नई संभावनाओं के द्वार खुलेंगे।

**कुम्भ :** तरक्की के लिए यह एक बदलावकारी समय है। आपकी अपनी राशि में ग्रहों का जमावड़ा आपको लाइमलाइट में लाएगा, लेकिन कार्यशैली में सुधार की गुंजाइश भी देगा।

**मीन :** आज तरक्की गहन रिसर्च और स्वतंत्र रूप से किए गए कार्यों से होगी। अंतरराष्ट्रीय संबंधों या तकनीकी शोध में सफलता के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी।

# बंगाल की खबरें

# आइपीएस विनित गोयल को मुख्य चुनाव आयुक्त की कड़ी फटकार

### चुनाव आयोग का बंगाल के अफसरों को अल्टीमेटम-'भ्रम में न रहें कि हम सिर्फ डेढ़ महीने के मेहमान हैं, लापरवाही की तो कहीं के नहीं रहेंगे'

**कोलकाता :** बंगाल में आगामी चुनावी समर की तैयारियों के बीच निर्वाचन आयोग ने राज्य प्रशासन और पुलिस तंत्र के खिलाफ अब तक का सबसे कड़ा रुख अख्तियार किया है। सोमवार को कोलकाता में हुई फुल बेंच की मैराथन बैठक में उस वक्त सन्नाटा पसर गया, जब मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने राज्य के डीजी (कानून-व्यवस्था) विनीत गोयल को बीच में ही टोकते हुए बैठने का आदेश दे दिया।




सूत्रों के अनुसार, राज्य में 'नारकोटिक्स एडवाइजरी कमेटी' के गठन में देरी पर जब गोयल स्पष्टीकरण देने के लिए खड़े हुए, तो मुख्य चुनाव आयुक्त ने तीखे लहजे में कहा कि हमें सब पता है, आप बैठ जाइए। आयोग ने दो टूक चेतावनी दी कि हर अधिकारी के कामकाज का 'डिजिटल फुटप्रिंट' उनके पास मौजूद है और लापरवाही की कोई जगह नहीं है।

**❑ जानबूझ कर की गई गड़बड़ी या उदासीनता अक्षम्य होगी : आयोग**

तकरीबन 24 केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ हुई इस उच्चस्तरीय बैठक में आयोग का तेवर बेहद आक्रामक रहा। मुख्य चुनाव आयुक्त ने अधिकारियों को आगाह करते हुए कहा कि वे इस गलतफहमी में कतई न रहें कि चुनाव आयोग केवल डेढ़-दो महीने के लिए सक्रिय है और उसके बाद चीजें फिर ढर्रे पर लौट आएंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जानबूझकर की गई गड़बड़ी या उदासीनता अक्षम्य होगी। बैठक में मौजूद एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, आयोग ने यहाँ तक कह दिया कि अगर गड़बड़ी प्रमाणित हुई तो दोषी अधिकारी को ऐसी जगह खड़ा कर दिया जाएगा, जहां से वापसी का कोई रास्ता नहीं बचेगा।

**❑ केंद्रीय एजेंसियों को भी लगी फटकार**

आयोग की नाराजगी केवल पुलिस तक सीमित नहीं रही। रिजर्व बैंक (आरबीआइ), एयरपोर्ट अथारिटी, आबकारी और नारकोटिक्स विभाग को भी कड़ी फटकार लगाई गई। आयोग ने सवाल उठाया कि देश के अन्य राज्यों के उलट बंगाल में अब तक नारकोटिक्स कमेटी सक्रिय क्यों नहीं है? आबकारी विभाग को निर्देश दिए गए हैं कि चुनाव के दौरान शराब का उत्पादन सामान्य से अधिक न हो और सीमावर्ती इलाकों में भट्टियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहे। वहीं, वित्तीय गड़बड़ियों को लेकर आरबीआई की सुस्ती पर भी सवाल दागे गए। मुख्य चुनाव आयुक्त ने साफ कर दिया कि चाहे एजेंसी केंद्रीय हो या राज्य की, चुनावी शुचिता में चूक होने पर जवाबदेही तय की जाएगी और कार्रवाई सुनिश्चित होगी।

# बंगाल में विभिन्न दलों की निर्वाचन आयोग के साथ बैठक







**❑ तृणमूल कांग्रेस ने मतदाताओं को परेशान करने का आरोप लगाया**

**❑ भाजपा ने अधिकतम तीन चरणों में चुनाव की मांग की**

**❑ चुनाव एक ही चरण में कराया जाए : माकपा**

**❑ कांग्रेस ने मांगी सुरक्षा**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में एसआईआर को लेकर जारी राजनीतिक रस्साकशी सोमवार को निर्वाचन आयोग की चुनाव पूर्व परामर्श बैठक में भी देखने को मिली, जब विभिन्न दलों ने आयोग से अलग-अलग मुलाकात की।

तृणमूल कांग्रेस ने मतदाताओं को परेशान करने का आरोप लगाया, जबकि भाजपा ने अधिकतम तीन चरणों में चुनाव कराने पर जोर दिया। कोलकाता के पूर्वी बाहरी इलाके में स्थित न्यू टाउन के एक होटल में हुई चर्चा में, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस, विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अलावा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), कांग्रेस और अन्य दलों के प्रतिनिधिमंडलों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार और आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की तथा अपनी चिंताओं को उनके समक्ष रखा। यह परामर्श बैठक मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस तथा विपक्षी भाजपा और निर्वाचन आयोग के बीच बढ़ते टकराव की पृष्ठभूमि में हुई। एसआईआर की कवायद मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से बाहर किए जाने के आरोपों और घुसपैठ तथा चुनावी निष्पक्षता के बारे में जवाबी दावों का कारण बनी है।

आयोग के साथ हुई बैठक से बाहर आने के बाद, तृणमूल ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के कारण आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा है और दावा किया कि बातचीत के दौरान उनकी चिंताओं को पर्याप्त रूप से नहीं सुना गया। पार्टी की वरिष्ठ नेता और मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने कहा कि उन्हें इस प्रक्रिया पर आपत्ति जताते समय 'चिल्लाने' से मना किया गया। उन्होंने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'मैं एक महिला हूं, और मुझसे कहा गया कि 'चिल्लाओ मत'। जब हम लोगों के अधिकारों की बात कर रहे हैं तो मुझे अपनी आवाज क्यों नहीं उठानी चाहिए?' भट्टाचार्य ने कहा कि जब भी पार्टी ने एसआईआर प्रक्रिया पर चिंता जताने की कोशिश की, आयोग ने जवाब में कहा कि मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है, जहां तृणमूल ने इस प्रक्रिया को चुनौती दी है। उन्होंने कहा, 'जब भी हमने एसआईआर के बारे में बात की, उन्होंने कहा कि मामला उच्चतम न्यायालय में है। अगर ऐसा है, तो उन्होंने हमें बैठक के लिए क्यों बुलाया? जब उन्होंने हमें आमंत्रित किया है, तो उन्हें हमारी बात सुननी चाहिए।' शीर्ष अदालत का रुख करने के पार्टी के कदम का बचाव करते हुए भट्टाचार्य ने कहा कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना सत्तारूढ़ पार्टी की जिम्मेदारी है। कोलकाता के मेयर और तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता फिरहाद हकीम ने आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया ने आम लोगों को बार-बार अपनी नागरिकता साबित करने के लिए मजबूर किया है। उन्होंने कहा, 'भाजपा ने यह धारणा बनाई है कि यह राज्य रोहिंग्याओं तथा घुसपैठियों का अड्डा है, और आयोग ने उसी के अनुसार नीति बनाई। लेकिन दो महीने तक चली इस प्रक्रिया में आपको इसका कोई सबूत नहीं मिला। इसके बजाय, देश के नागरिकों को परेशान किया गया।' हकीम ने दावा किया, 'लोग अपनी नागरिकता साबित करने के लिए कामकाज और रोजी-रोटी छोड़ कर जुटे हुए हैं। सैकड़ों लोग बीमार पड़ गए हैं और कुछ लोगों की कतारों में खड़े रहने के दौरान मौत हो गई।'

हालांकि, भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने आयोग के साथ अपनी अलग बैठक में सुरक्षा माहौल और चुनाव संचालन पर केंद्रित अलग-अलग मुद्दे उठाए। पार्टी ने मांग की कि आगामी विधानसभा चुनाव तीन चरणों से अधिक में न कराए जाएं, क्योंकि उनका तर्क था कि लंबे समय तक चलने वाला मतदान कार्यक्रम असामाजिक तत्वों की आवाजाही को आसान बना सकता है। बैठक के बाद भाजपा नेता जगन्नाथ चट्टोपाध्याय ने कहा, 'हमने एक, दो या तीन चरणों में चुनाव कराने की मांग की है।'

माकपा ने भी आयोग से अलग से मुलाकात की। पार्टी ने मांग की कि चुनाव एक ही चरण में कराया जाए। माकपा ने इसके पीछे यह तर्क दिया कि कई चरणों में चुनाव असामाजिक तत्वों को एक जिले से दूसरे जिले में जाने और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने में सहायक बन जाते हैं। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिमंडलों को संबोधित करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने राजनीतिक दलों को आश्वासन दिया कि आयोग राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करेगा। अधिकारियों के अनुसार, कुमार ने कहा, आयोग की नीति हिंसा को कतई बर्दाश्त नहीं करने की है। हम निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

बैठक के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप भट्टाचार्य ने स्पष्ट किया कि उनकी प्राथमिकता चुनाव के चरणों की संख्या नहीं, बल्कि मतदाताओं की सुरक्षा है। उन्होंने कह कि चुनाव चाहे एक चरण में हो या तीन में, आयोग को यह सुनिश्चित करना होगा कि मतदान निष्पक्ष और हिंसा मुक्त हो। सुरक्षा ही हमारी पहली प्राथमिकता है। कांग्रेस ने आयोग से दो-टूक कहा है कि बंगाल में बिना भयमुक्त वातावरण के लोकतंत्र का उत्सव संभव नहीं है।

## सहयोगी मंत्री मलय घटक पर ममता नाराज, कानून विभाग अपने हाथ में लिया

**❑ अनुशासनहीनता के आरोपों को लेकर घटक से नाराज हैं ममता**

**❑ बार काउंसिल चुनाव को लेकर मंत्री की भूमिका से भी क्षुब्ध हैं सीएम**

**कोलकाता :** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वरिष्ठ तृणमूल नेता और मंत्री मलय घटक के कामकाज पर असंतोष जताते हुए कानून विभाग की जिम्मेदारी प्रत्यक्ष रूप से अपने हाथों में ले ली है। दलीय सूत्रों के अनुसार, अनुशासनहीनता के आरोपों और बार काउंसिल चुनाव को लेकर मलय घटक की भूमिका से मुख्यमंत्री काफी क्षुब्ध हैं। यह घटनाक्रम सोमवार से शुरू हुए बार काउंसिल के चुनाव के पहले आया है। वकील संगठन मलय घटक के प्रभाव और फैसलों को लेकर सवाल उठ रहे थे। हालांकि, इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं की गई है, लेकिन प्रशासनिक गलियारों में इसकी पुष्टि सचिव स्तर तक कर दी गई है। विधानसभा चुनाव की आहट के बीच मुख्यमंत्री के इस कड़े रुख ने राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है। पार्टी के भीतर इस बात को लेकर चर्चा शुरू हो गई है कि क्या इस फैसले का असर आगामी चुनावों में उनके टिकट पर भी पड़ेगा। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब मलय घटक को मुख्यमंत्री के कोपभाजन का शिकार होना पड़ा है। इससे पहले भी वे बिना विभाग के मंत्री रह चुके हैं। वर्तमान में मलय घटक इस पूरे विषय पर चुप्पी साधे हुए हैं।

## भाजपा के बंगाल चुनाव अभियान में राष्ट्रपति मुर्मू के 'अपमान' का मुद्दा भी शामिल होगा : राहुल सिन्हा

**कोलकाता :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता राहुल सिन्हा ने सोमवार को कहा कि पार्टी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित 'अपमान' को पश्चिम बंगाल के आदिवासी और संथाल बहुल जिलों में अपने चुनाव अभियान का मुख्य मुद्दा बनाएगी। सिन्हा के अनुसार, पार्टी अपनी 'परिवर्तन यात्रा' को एक मंच के रूप में इस्तेमाल करने की योजना बना रही है, ताकि राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रपति के 'अनादर' को उजागर किया जा सके, विशेष रूप से बांकुरा और पुरुलिया जैसे आदिवासी क्षेत्रों में। सिन्हा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य सरकार पर मुर्मू की हालिया यात्रा के दौरान उचित प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए इस घटना को आदिवासी समुदाय का



अपमान बताया है। सिन्हा ने कहा, मुख्यमंत्री और उनकी सरकार को अपने कृत्य के लिए माफी मांगनी चाहिए थी। उन्होंने आरोप लगाया, आदिवासी समुदाय और उनकी प्रतिनिधि द्रौपदी मुर्मू का अपमान करना तृणमूल कांग्रेस की संस्कृति का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने अभियान कार्यक्रमों के माध्यम से इस मुद्दे को जमीनी स्तर तक उठाएगी। उन्होंने कहा, 'हम अपनी परिवर्तन यात्रा के माध्यम से आदिवासी समुदाय के घर-घर जाकर इस अपमान का संदेश पहुंचाएंगे।' आदिवासी हस्तियों की विरासत का हवाला देते हुए सिन्हा ने कहा कि समुदाय इस घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देगा।

भाजपा विधानसभा चुनाव से पहले बांकुरा, पुरुलिया एवं झाड़ग्राम जैसे जिलों और पश्चिम मेदिनीपुर के कुछ हिस्सों में आदिवासी मतदाताओं के बीच समर्थन जुटाने की कोशिश कर रही है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब भाजपा ने आरोप लगाया कि मुर्मू की हालिया पश्चिम बंगाल यात्रा के दौरान राज्य सरकार ने प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया था। हालांकि, पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस आरोप को खारिज किया है और भाजपा पर चुनावी लाभ के लिए राष्ट्रपति के नाम का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया है।

## वर्ग पहेली नं. 3374



*ऊपर से नीचे:-* 1) स्पर्शानुभूतिहीन, 2) प्रहारक, 3) योग्यता; दाम, 4) थाना, 5) जानना, 8) लुब्ध होना, 9) शिव, 10) रेंगनेवाला एक जीव, 12) छिलन, 13) ज़ंजीर, 15) कांतियुक्त, 17) ज़नाना ढीला पाजामा, 18) आपसदारी, 19) ख़र्चीला, 21) स्वीकार, 23) आग्रह; ऊर्जा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) समझौता, 4) अस्वीकार, 6) मिट्टी का घड़ा, 7) सकुशल, 9) फबना, 11) दूल्हा, 12) पत्थर की कुँड़ी, 14) लेटना, 16) एक जंगली हिंसक पशु, 17) निश्चित रूप से, 18) एक जगप्रसिद्ध स्मारक, 20) फ़र्ज़ी, 22) उचित, 24) घड़ा, 25) कगार तक भरा.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | भा | प | ति | ■ | आ | रं | भ | ■ | ज |
| रा | ■ | ह | ल | च | ल | ■ | ग | दी | ला |
| स | र | ल | ■ | ल | य | ■ | द | ■ | व |
| र | ई | ■ | आ | न | ■ | अ | ड़ | च | न |
| ■ | स | मा | ज | ■ | को | ड़ा | ■ | म | ■ |
| वि | ■ | स | मा | चा | र | ■ | अ | चा | हा |
| नि | ष्प | ■ | इ | ■ | स | ह | ना | ■ | था |
| म | ■ | बे | श | क | ■ | ल | ड़ी | ■ | पा |
| य | म | ल | ■ | ल | क | वा | ■ | क | ई |

## सुडोकू-पहेली-3332

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | 5 | | | |
| 4 | | | | 8 | | 3 | 1 | |
| | | | | | 4 | 5 | | |
| | | | | | | 4 | | 7 |
| 8 | | | 5 | 1 | | | 2 | |
| | | 6 | 2 | | 7 | | | |
| 9 | | | | | 2 | | | |
| | | 5 | 6 | | | | | 8 |
| | | | 8 | 5 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3331 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 8 | 4 | 7 | 1 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 2 | 6 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 |
| 4 | 5 | 3 | 8 | 7 | 9 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 3 | 8 | 5 |

मंगलवार, 10 मार्च 2026

मौसम

तापमान 22 – 32
आर्द्रता 72%
सूर्योदय: 05:52 सूर्यास्त: 17:43

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष सप्तमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये




पश्चिम एशिया में संवाद से हो समाधान, अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हित प्राथमिकता: जयशंकर पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार, और पांच पर

सुविचार : मन की शान्ति से बढ़कर इस दुनिया में कोई भी संपत्तित नहीं।

# पेट्रोल, डीजल के दाम फिलहाल नहीं बढ़ेंगे, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त भंडार

## डिलीवरी के 25 दिन बाद ही बुक होगा दूसरा सिलेंडर

**नयी दिल्ली :** वैश्विक बाजार में कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बावजूद फिलहाल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं की जाएगी। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार ने पूरे देश में ईंधन की सुचारू आपूर्ति के लिए प्रयास तेज कर दिये हैं। पश्चिम एशिया में दसवें दिन जारी संघर्ष के साथ ही, वैश्विक बाजारों में भारी गिरावट आई और अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमत लगभग 120 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई, जो युद्ध शुरू होने के समय की तुलना में लगभग 65 प्रतिशत अधिक थी। हालांकि, बाद में इसमें गिरावट आई। अधिकारियों ने कहा कि सरकार वैश्विक तेल बाजारों पर नजर रख रही है, लेकिन खुदरा ईंधन की कीमतों में तत्काल वृद्धि की कोई योजना नहीं है। उम्मीद है कि पेट्रोलियम विपणन कंपनियां फिलहाल मौजूदा लागत दबाव को



वहन करेंगी। हालांकि, देश में अगले छह से आठ सप्ताह की जरूरतों को पूरा करने के लिए कच्चा तेल और तैयार उत्पादों (ईंधन) दोनों का पर्याप्त भंडार है, पर सरकार ने खाना पकाने की गैस एलपीजी भराने का ऑर्डर देने की नीति में बदलाव किया है। सूत्रों ने बताया कि जमाखोरी को रोकने के लिए घरेलू एलपीजी सिलेंडर भराने के लिए बुकिंग की न्यूनतम प्रतीक्षा अवधि 21 दिन से बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। इसका मकसद सिलेंडर की जमाखोरी को रोकना और उनका समान वितरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि एक औसत परिवार एक वर्ष में 14.2 किलोग्राम के सात से आठ एलपीजी सिलेंडर का उपयोग करता है और आमतौर पर उन्हें छह सप्ताह से कम समय में उसे भराने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए।

## कच्चा तेल 120 डॉलर प्रति बैरल तक चढ़ने के बाद थोड़ा नरम पड़ा

**शिकागो :** ईरान युद्ध के तेज होने से पश्चिम एशिया में उत्पादन और पोत परिवहन पर मंडराते खतरे के बीच सोमवार को कच्चे तेल की कीमतें 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गईं। हालांकि, बाद में कीमतों में कुछ नरमी देखी गई, लेकिन इस उथल-पुथल से दुनिया भर के शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई है। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत सुबह उछलकर 119.50 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, लेकिन बाद में यह 101 डॉलर के करीब आ गयी।

## कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से हर महीने 7–8 अरब डॉलर का अतिरिक्त बोझ

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा की कीमतों में आए उछाल से भारत को हर महीने सात-आठ अरब डॉलर का अतिरिक्त विदेशी मुद्रा नुकसान झेलना पड़ सकता है। विश्लेषकों का मानना है कि इससे देश में मुद्रास्फीति और चालू खाता घाटा (कैड) बढ़ने का खतरा पैदा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार, जहां कच्चे तेल की कीमतें 66 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर लगभग 120 डॉलर तक पहुंच गई हैं, वहीं तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की दरें भी दोगुनी से अधिक होकर 24–25 डॉलर प्रति ब्रिटिश थर्मल यूनिट हो गई हैं। क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है, जिससे इसकी अर्थव्यवस्था वैश्विक तेल कीमतों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हो जाती है।

## भारत रणनीतिक तेल भंडार जारी करने की आईईए की पहल में नहीं होगा शामिल

**नयी दिल्ली :** भारत तेल की कीमतों को नियंत्रित करने के प्रयासों के तहत रणनीतिक तेल भंडार जारी करने की अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) की पहल में शामिल नहीं होगा। विश्व का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक और उपभोक्ता देश भारत के पास 53 लाख टन भूमिगत रणनीतिक भंडार हैं। लेकिन वर्तमान में ये भंडार केवल 80 प्रतिशत ही भरे हुए हैं।

## दुनियाभर में दूसरा सबसे बड़ा हथियार आयातक बना भारत: एसआईपीआरआई

**नयी दिल्ली :** स्वीडन के 'थिंक टैंक' एसआईपीआरआई ने सोमवार को एक नयी रिपोर्ट में कहा कि भारत 2021 से 2025 तक हथियारों और सैन्य उपकरणों का दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा आयातक था और इनका एक बड़ा हिस्सा रूस से आयात हुआ। स्टॉकहॉम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट (एसआईपीआरआई) ने कहा कि 2021 से 2025 तक दुनियाभर में जितने हथियारों का निर्यात हुआ, उनमें से 9.7 प्रतिशत यूक्रेन को मिला, इस लिहाज से वह इस अवधि के दौरान शीर्ष पर रहा। थिंक टैंक ने अपनी रिपोर्ट 'ट्रेंड्स इन इंटरनेशनल आर्म्स ट्रांसफर्स' में बताया है कि चीन घरेलू उत्पादन में विस्तार के कारण 1991–1995 के बाद पहली बार शीर्ष 10 हथियार आयातकों की सूची से बाहर हो गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2021-25 के दौरान सभी अंतरराष्ट्रीय हथियार निर्यातों में से 42 प्रतिशत की आपूर्ति अमेरिका ने की, जो 2016 से 2020 में 36 प्रतिशत थी। एशिया और ओशिनिया के चार देश- भारत, पाकिस्तान, जापान और ऑस्ट्रेलिया- 2021 से 2025 के बीच वैश्विक स्तर पर हथियारों के 10 सबसे बड़े आयातकों में शामिल थे।

### सऊदी अरब ने ईरान को चेतावनी दी

## अरब देशों पर हमला जारी रहा तो उसे होगा सबसे बड़ा नुकसान

**दुबई :** सऊदी अरब ने सोमवार को ईरान को आगाह किया कि अगर वह अरब देशों पर हमले करता रहा तो उसे अब तक का ''सबसे बड़ा नुकसान'' उठाना पड़ेगा। सऊदी अरब का यह बयान उस नए ड्रोन हमले के बाद आया, जिसमें जाहिर तौर पर उसके बड़े शायबा तेल क्षेत्र को निशाना बनाया गया। इसने ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन द्वारा शनिवार को दिये गये इस बयान को भी खारिज कर दिया कि ईरान ने खाड़ी अरब देशों पर अपने हमले रोक दिए हैं। सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, देश इस बात की पुष्टि करता है कि ईरानी पक्ष ने इस बयान पर अमल नहीं किया, न तो राष्ट्रपति के भाषण के दौरान और न ही उसके बाद। ईरान ने बिना किसी ठोस वजह के अपना आक्रमण जारी रखा है।

### सऊदी अरब में मिसाइल हमले में किसी भी भारतीय नागरिक की जान नहीं गई: भारतीय दूतावास

**दुबई :** सऊदी अरब में एक आवासीय परिसर पर हुए मिसाइल हमले में किसी भी भारतीय की मौत नहीं हुई है। रियाद में भारतीय दूतावास ने सोमवार को यह जानकारी दी। दूतावास ने कहा कि रविवार को इस घटना में घायल हुए एक भारतीय नागरिक का सरकारी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। सोमवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में 'सऊदी सिविल डिफेंस' ने कहा, ''...सभी अंतिम प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद, इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया है कि दो मृतक बांग्लादेशी हैं, 11 घायल व्यक्ति बांग्लादेश से हैं और एक घायल भारतीय नागरिक है।''

### मोजतबा खामेनेई बने ईरान के अगले सर्वोच्च नेता



ईरान के अधिकारियों ने सोमवार को घोषणा की कि अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले में मारे गए ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के बेटे मोजतबा खामेनेई को ईरान के इस्लामी शासन का अगला शासक नामित किया गया है।

## सीईसी ने बैठक के दौरान बंगाल के सरकारी अधिकारियों को धमकाया, यह दुस्साहस स्वीकार्य नहीं : ममता



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार पर एक बैठक के दौरान राज्य के अधिकारियों को धमकाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संवैधानिक पद पर आसीन अधिकारियों का दुस्साहस दिखाना स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने निर्वाचन आयोग की पूर्ण पीठ की बैठक के बाद यह टिप्पणी की है, जिसमें राज्य के वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने अप्रैल में होने वाले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा की। कोलकाता में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में धरनास्थल पर पत्रकारों से बात करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि सीईसी ने राज्य के नौकरशाही तंत्र के प्रति धमकी भरा लहजा अपनाया है। उन्होंने कहा, सीईसी ने आज बैठक में हमारे अधिकारियों को धमकाया। मैं सीईसी से कहना चाहती हूं कि साहस होना अच्छी बात है, लेकिन दुस्साहस अच्छा नहीं। अधिकारियों के अनुसार, कुमार ने बैठक के दौरान कहा कि चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था बनाए रखने में किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन नहीं किया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीईसी ने राज्य में स्वापक सलाहकार समिति के न होने पर भी सवाल उठाया और अधिकारियों को चुनाव से पहले निगरानी तंत्र मजबूत बनाने के निर्देश दिए। आयोग पर हमला तेज करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया का इस्तेमाल लोगों को मताधिकार से वंचित करने के लिए किया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा, हम बस यही कहना चाहते हैं; हर किसी को वोट देने का अधिकार मिलना चाहिए। हम सभी के लिए मतदान का अधिकार सुनिश्चित करना चाहते हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि डराने-धमकाने और मतदाता सूची से नाम हटाने को राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, अगर आपको लगता है कि आप लोगों पर हमला करके, उन्हें डराकर और मतदाता सूची से नाम हटाकर सत्ता हासिल कर सकते हैं, तो ऐसा नहीं होगा।

## कोलकाता में राजनीतिक दलों के साथ बैठक में मुख्य चुनाव आयुक्त का आश्वासन, हिंसा पर 'शून्य सहनशीलता' की नीति अपनाएगा आयोग

**कोलकाता :** आगामी चुनावों की तैयारियों के बीच भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राजनीतिक दलों को आश्वस्त किया है कि पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग सभी आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनावी हिंसा के मामले में आयोग की नीति शून्य सहनशीलता की होगी। कोलकाता में आयोजित बैठक के दौरान ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में चुनाव पूरी तरह कानून के अनुसार कराए जाते हैं और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आयोग कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इस बैठक में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। ज्ञानेश कुमार ने यह भी बताया कि मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, नाम हटाने या विवरण में सुधार के लिए प्रपत्र 6, 7 और 8 अभी भी जमा किए जा सकते हैं। बैठक के अंत में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आगामी चुनाव शांतिपूर्ण और बिना हिंसा के संपन्न कराने में आयोग को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## भाजपा चुनाव समिति 12 मार्च को बंगाल, केरल में उम्मीदवारों पर विचार के लिए कर सकती है बैठक

**नयी दिल्ली :** भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति पश्चिम बंगाल और केरल में विधानसभा चुनावों के लिए संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विचार करने के लिए 12 मार्च को बैठक कर सकती है। सूत्रों ने यह बात कही। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जेपी नड्डा सत्तारूढ़ पार्टी की उच्चस्तरीय समिति के सदस्यों में शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, पश्चिम बंगाल और केरल में विधानसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा करने के लिए पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति द्वारा 12 मार्च को बैठक किए जाने की संभावना है।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने का प्रस्ताव लाने का नोटिस देने की तैयारी में विपक्ष



**नयी दिल्ली :** विपक्षी दल मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव लाने संबंधी नोटिस लाने की तैयारी में हैं। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि नोटिस का मसौदा तैयार है और इसे इस सप्ताह दिए जाने की संभावना है। नोटिस तैयार करने की प्रक्रिया में शामिल रहे तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ सांसद ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''मसौदा तैयार करना और योजना बनाना वास्तव में सभी समान विचारधारा वाले दलों का मिलाजुला प्रयास रहा है। दोनों सदनों में कार्यान्वयन भी एक टीम की तरह होगा।'' तृणमूल नेता ने दावा किया, ''मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने अपने पद की पूरी तरह से अवमानना की है।'' मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के सूत्रों ने कहा कि वे नोटिस का समर्थन करेंगे। एक अन्य सूत्र ने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दल भी इस कवायद में शामिल हैं और नोटिस का मसौदा सामूहिक रूप से तैयार किया गया है। विपक्षी सांसद अब दोनों सदनों के सांसदों के हस्ताक्षर लेंगे। नियमों के मुताबिक, नोटिस के लिए लोकसभा के कम से कम 100 सांसदों और राज्यसभा के कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी हैं। सीईसी को हटाने की प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को पद से हटाने की प्रक्रिया के समान है।







# बंगाल राज्यसभा चुनाव में भाजपा के राहुल और तृणमूल के चार प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

## नामांकन वापसी के अंतिम दिन पांचों ही प्रत्याशियों को विधानसभा ने निर्वाचन अधिकारी ने सौंपा जीत का प्रमाणपत्र

**कोलकाता :** बंगाल से राज्यसभा की पांच सीटों के लिए जारी चुनावी प्रक्रिया सोमवार को उस समय संपन्न हो गई, जब सभी पांच उम्मीदवारों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। विधानसभा में निर्वाचन अधिकारी ने आधिकारिक तौर पर भाजपा के राहुल सिन्हा और तृणमूल कांग्रेस के चार उम्मीदवारों-बाबुल सुप्रियो, कोयल मल्लिक, राजीव कुमार और मेनका गुरुस्वामी को जीत का प्रमाणपत्र सौंपा।



इस निर्वाचन में सबसे अधिक चर्चा भाजपा के पुराने नेता राहुल सिन्हा की रही। उनके नामांकन पत्र को लेकर सत्ताधारी तृणमूल ने निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि राहुल सिन्हा ने अपने पूर्ववर्ती के फार्म की 'नकल' की थी, जिसमें कई तकनीकी त्रुटियां थीं। आयोग के निर्देश पर उन्हें अंतिम समय में जरूरी दस्तावेज जमा करने के लिए भाग-दौड़ करनी पड़ी। हालांकि, जांच के बाद आयोग ने उनके दस्तावेजों को वैध माना और उनकी जीत का रास्ता साफ हो गया।

राज्यसभा के इस 'रण' में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस ने बेहद रणनीतिक दांव खेला था। पार्टी ने पूर्व डीजीपी राजीव कुमार, प्रसिद्ध वकील मेनका गुरुस्वामी, अभिनेत्री कोयल मल्लिक और मंत्री बाबुल सुप्रियो के रूप में एक 'चतुर्भुज' तैयार किया है, जो संसद के उच्च सदन में केंद्र के खिलाफ मोर्चा संभालेंगे। मेनका गुरुस्वामी की अनुपस्थिति में उनका प्रमाणपत्र मंत्री अरूप विश्वास ने प्राप्त किया।



प्रमाणपत्र वितरण के दौरान विधानसभा के गलियारों में राजनीतिक शिष्टाचार का एक दुर्लभ दृश्य भी देखने को मिला। बाबुल सुप्रियो ने भाजपा के राहुल सिन्हा का हाथ पकड़कर उन्हें जीत की बधाई दी। दो धुर विरोधी दलों के नेताओं के बीच यह सौहार्द चर्चा का विषय बना रहा। बता दें कि 16 मार्च को होने वाले मतदान की अब आवश्यकता नहीं रह गई है, क्योंकि रिक्त पांच सीटों के विरुद्ध केवल पांच ही उम्मीदवार मैदान में थे।

# 2,672 करोड़ का बैंक फ्राड मामले में ईडी ने दाखिल की पूरक चार्जशीट

## सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट में खपाए थे रुपये, इस चार्जशीट में 15 नए आरोपितों के नाम शामिल

**कोलकाता :** ईडी के कोलकाता जोनल कार्यालय ने श्री गणेश ज्वेलरी हाउस (आइ) लिमिटेड (एसजीजेए-चआइएल) और उससे जुड़े अन्य आरोपितों के खिलाफ चल रहे धन शोधन (मनी लांड्रिंग) मामले में एक और पूरक चार्जशीट दाखिल कर दी है। विशेष पीएमएलए अदालत के समक्ष पेश की गई इस चार्जशीट में 15 नए आरोपितों के नाम शामिल किए गए हैं, जिनमें पांच व्यक्ति और 10 ऐसी संस्थाएं हैं जिनका उपयोग अपराध की कमाई को ठिकाने लगाने और उसे वैध बनाने के लिए किया गया था।

ईडी के अनुसार, जनवरी में गिरफ्तार किए गए प्रत्यूष कुमार सुरेखा को भी इस चार्जशीट में आरोपित बनाया गया है। यह पूरा मामला 25 बैंकों के कंसोर्टियम के साथ हुई करीब 2,672 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है, जिसकी जांच सीबीआइ की बैंक प्रतिभूति और धोखाधड़ी शाखा (बीएस एंड एफसी) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर शुरू हुई थी।

जांच में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि एसजीजेएचआइएल के प्रमोटरों ने फर्जी वित्तीय विवरणों और निर्यात बिलों को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाकर बैंकों से भारी ऋण लिया। इस ऋण राशि का एक बड़ा हिस्सा आभूषण व्यवसाय के बजाय 'एलेक्स एस्ट्रल पावर प्राइवेट लिमिटेड' नामक कंपनी के माध्यम से एक सौर ऊर्जा परियोजना में डायवर्ट कर दिया गया। ज्वेलरी हाउस ने 120 करोड़ रुपये की इक्विटी पांच ऐसी फर्जी कंपनियों के जरिए निवेश की, जिनका अपना कोई स्वतंत्र कारोबार नहीं था। बाद में, सौर ऊर्जा संयंत्र को कौड़ियों के दाम (20 करोड़ रुपये से कम) पर अपनों की ही नियंत्रित संस्थाओं को बेच दिया गया। ईडी ने इस कार्रवाई के दौरान गुजरात स्थित सौर ऊर्जा संयंत्र और कोलकाता के अलीपुर स्थित 'गोदरेज प्लेटिनम' में तीन हाई-प्रोफाइल आवासीय फ्लैटों सहित लगभग 95.75 करोड़ रुपये की संपत्ति भी कुर्क की है।

# सीडा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विद्युत बाजार की महिला उद्यमियों को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 6 मार्च को सीडा हॉल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्युत बाजार में अपने व्यवसाय के माध्यम से उत्कृष्ट कार्य कर रही महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी चयनित महिला उद्यमियों को स्मृति-चिह्न और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सीडा के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा के स्वागत भाषण से हुई। इस अवसर पर सचिव गगनदीप मुंधड़ा, उपाध्यक्ष सुनील सिंघी, कोषाध्यक्ष तारकनाथ जायसवाल तथा कार्यकारिणी सदस्य संजय सिंह, अनिल सिंह, आदित्य मोहांका, पीयूष खन्ना और विकास राठी शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान जिन महिला



उद्यमियों को सम्मानित किया गया, उनमें अंकिता कटारिया (पीके एसोसिएट्स), दीप्ति मोदी (एलाइड पम्प्स), खुशबू बेगानी (डिजाइनर इलेक्ट्रिकल्स), नीरजा मोहता गग्गर (मोहता इलेक्ट्रिक ट्रेडिंग कंपनी), राजश्री दत्ता (बी. दत्ता ट्रेडर्स), ट्विंकल रामरखियानी (कौशल इलेक्ट्रिक एंड ट्रेडिंग कंपनी), विनिशा भाटिया (नेशनल इलेक्ट्रिक कॉर्पोरेशन), गरीमा किल्ला (ईस्ट इंडिया कमर्शियल कंपनी) और मौनिका पहाड़ी (एस. पी. इलेक्ट्रिक) शामिल रहीं। यह कार्यक्रम सीडा की जनसंपर्क उपसमिति के संयोजक ब्रजेश लड्ढा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम से संबंधित जानकारी सीडा मीडिया प्रकोष्ठ के संयोजक संजय कुमार सिंह द्वारा प्रदान की गई।



**विधान पार्क, सिंथि में आयोजित सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम के सम्मान समारोह में बराहनगर म्युनिसिपालिटी के उपाध्यक्ष दिलीप नारायण बसु (सुनु दा)। इस कार्यक्रम में मुख्य प्रस्तुति देवलीना कुमार और ईमन चक्रवर्ती ने दिया।**

# महिला दिवस पर नई एंबुलेंस का लोकार्पण, 15 महिलाओं को किया गया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कॉटन स्ट्रीट यंग ब्वॉयज क्लब द्वारा सत्यनारायण पार्क के पास एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड 42 की उन 15 महिलाओं और युवतियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर क्षेत्र और शहर का नाम रोशन किया है। सम्मानित महिलाओं में डॉक्टर, फैशन डिजाइनर और गरबा के क्षेत्र में पूरे कोलकाता में पहचान बनाने वाली प्रतिभाएं शामिल थीं। कार्यक्रम के दौरान जनसेवा की भावना को आगे बढ़ाते हुए प्रसिद्ध उद्योगपति ओम जालान ने क्लब को एक नई एंबुलेंस सेवा के लिए भेंट की। इस एंबुलेंस का लोकार्पण ओम जालान सहित मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों



द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। यह एंबुलेंस क्षेत्र के लोगों को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

मंच पर उपस्थित दुर्गा व्यास, पत्रकार विश्वंभर नेवर, तुलसी दुग्गड, चंद्रशेखर सराफ, पप्पू चांडक, संजय बक्सी, विजय उपाध्याय, आफताब खान, कृष्ण प्रताप सिंह, कुसुम जैन, तपन राय, राकेश सिंह, श्वेता इंदौरिया, रवि जयपुरिया, मो. सोनू, सुशील कोठारी सहित अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। सभी वक्ताओं ने कार्यक्रम के संयोजक महेश शर्मा के सेवा कार्यों और सामाजिक समर्पण की विशेष रूप से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महेश शर्मा निरंतर जनसेवा और समाजहित के कार्यों में सक्रिय रहकर लोगों के विश्वास को मजबूत कर रहे हैं और अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। क्लब की सदस्य महिलाओं ने ज्योति शर्मा के नेतृत्व में सभी सम्मानित महिलाओं को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंच संचालन राजकुमार व्यास द्वारा किया गया। वहीं, अतिथियों का सम्मान पीतांबर कामत, अभिषेक आसोपा और सुनील दीक्षित ने किया। इस कार्यक्रम की सफलता में नीतू दीक्षित, राखी शर्मा, ज्योति खन्ना, मुकेश भगत, संजय सिंह, मुकेश केवट, सुनील शर्मा, नरेश शर्मा और गोरेलाल शर्मा सहित क्लब के सभी सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही।

## न्यूज अपडेट

### बंगाली अभिनेता तमल रॉय चौधरी का 80 वर्ष की उम्र में निधन

**कोलकाता :** बंगाली अभिनेता तमल रॉय चौधरी का सोमवार को निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि रॉय चौधरी (80) का दक्षिण कोलकाता स्थित उनके आवास पर नींद में ही दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह बंगाली फिल्म उद्योग के प्रसिद्ध अभिनेताओं में से एक थे और उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत मंच से की तथा जीवन भर रंगमंच से गहराई से जुड़े रहे। हालांकि रंगमंच उनका मुख्य जुनून था, लेकिन वे बंगाली टेलीविजन और फिल्मों में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे। वह 1990 के दशक के मध्य से कई लोकप्रिय बंगाली टेलीविजन धारावाहिकों में नियमित रूप से दिखाई देने लगे, जिनमें उन्होंने महत्वपूर्ण सहायक भूमिकाएं निभाईं, जिससे उन्हें दर्शकों के बीच व्यापक पहचान मिली। उनके द्वारा अभिनीत कुछ लोकप्रिय फिल्मों में 'चैलेंज', 'ले हलुआ ले', 'बिंदास', 'अमेज़ॅन ओबिजान' और 'चंदर पहाड़' शामिल हैं। अभिनेता और राजनीतिज्ञ देवदूत घोष ने सोशल मीडिया पोस्ट में रॉय चौधरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। घोष ने कहा, ''वह एक अद्भुत और मिलनसार व्यक्ति थे, जिन्हें लोगों से दिल खोलकर बातें करना पसंद था। वे अपने कनिष्ठों के प्रति बेहद स्नेही थे और काम के दौरान किसी को भी कठिनाई होने पर मदद के लिए हमेशा आगे आते थे।'

### देश में हिंदी पत्रकारिता की शताब्दी नहीं मनाई गईः प्रो. कृपाशंकर चौबे



**कोलकाता, समाज्ञा :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के प्रोफेसर एवं प्रसिद्ध पत्रकार-लेखक डॉ. कृपाशंकर चौबे ने कहा कि हम हिंदी पत्रकारिता की द्विशतवार्षिकी मना रहे हैं, लेकिन यह एक पीड़ादायक तथ्य है कि भारत में हिंदी पत्रकारिता की शताब्दी कभी नहीं मनाई गई। वे सोमवार को भवानीपुर एजुकेशन सोसाइटी कॉलेज, कोलकाता के जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित हिंदी पत्रकारिता की द्विशतवार्षिकी संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनवरी 1931 तक यह माना जाता रहा कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत वर्ष 1845 में काशी से प्रकाशित 'बनारस अखबार' से हुई थी। इसी कारण हिंदी पत्रकारिता की वास्तविक शताब्दी का आयोजन नहीं हो सका। प्रो. चौबे ने बताया कि ब्रजेंद्रनाथ बनर्जी ने पहली बार मासिक पत्रिका 'विशाल भारत' के फरवरी, मार्च और अप्रैल अंकों में 'हिंदी का प्रथम समाचार पत्र' शीर्षक से शोध लेख प्रकाशित कर यह प्रमाणित किया कि हिंदी का पहला समाचारपत्र 'बनारस अखबार' नहीं, बल्कि 'उदन्त मार्त्तण्ड' था। इसके बाद 'विशाल भारत' के मई 1931 के अंक में 30 मई 1826 को कलकत्ता के कोल्हू टोला स्थित 37 नंबर आमड़ातला गली से जुगल किशोर शुक्ल के संपादन में प्रकाशित 'उदन्त मार्त्तण्ड' के प्रवेशांक के प्रथम पृष्ठ की तस्वीर भी प्रकाशित की गई। हालांकि तब तक हिंदी पत्रकारिता की शताब्दी बीत चुकी थी। उन्होंने कहा कि हिंदी पत्रकारिता ने पिछले दो सौ वर्षों में भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक नवजागरण, स्वतंत्रता संग्राम, लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास तथा हिंदी गद्य साहित्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार विश्वंभर नेवर ने कहा कि नारद मुनि से शुरू हुई पत्रकारिता अब डिजिटल युग में प्रवेश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता का मूल स्वभाव केवल प्रशंसा करना नहीं, बल्कि अनीति के विरुद्ध आवाज उठाना है। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के रेक्टर एवं डीन प्रो. दिलीप शाह के स्वागत वक्तव्य से हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वसुंधरा मिश्र ने किया, जबकि जनसंचार विभाग के अध्यक्ष डॉ. कपिल कुमार भट्टाचार्य ने आभार ज्ञापन किया।

### पूर्व रेलवे का 'रेलवन' ऐप जागरूकता अभियान तेज, यात्रियों को एक मंच पर मिलेंगी कई रेल सेवाएं



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने 'रेलवन'मोबाइल ऐप के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। सप्ताह भर चलने वाला यह अभियान 8 मार्च को अपने तीसरे दिन में पहुंच गया, जिसमें यात्रियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के आह्वान पर रेलवे अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विभिन्न जिलों के भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के सदस्यों ने पूर्व रेलवे के सभी मंडलों और कारखानों के प्रमुख स्टेशनों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर 'रेलवन' ऐप के प्रचार-प्रसार का अभियान चलाया। अभियान के तहत 8 मार्च को हावड़ा मंडल के हावड़ा, डानकुनी, रामपुरहाट, बंडेल और वर्दवान स्टेशनों पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान यात्रियों को ऐप डाउनलोड करने और उसके उपयोग की जानकारी दी गई। कई यात्रियों ने मौके पर ही ऐप डाउनलोड कर इसकी सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी तरह सियालदह मंडल के सियालदह, दमदम जंक्शन, सोदपुर, बैरकपुर, नैहाटी और कांचरापाड़ा स्टेशनों, मालदह मंडल के मालदह टाउन, साहिबगंज, भागलपुर, बरहरवा और जमालपुर स्टेशनों तथा आसनसोल मंडल के आसनसोल, दुर्गापुर और जसीडीह स्टेशनों पर भी जागरूकता अभियान चलाया गया।

### सिउरी स्टेशन का कायाकल्पः लिफ्ट से आधुनिक पार्किंग तक, बीरभूम में नए युग की शुरुआत



**कोलकाता, समाज्ञा :** बीरभूम जिले के जिला मुख्यालय सिउरी में अब यात्रियों के अनुभव को पूरी तरह बदल देने वाला आधुनिकरण शुरू हो गया है। केंद्र सरकार की 'अमृत भारत' परियोजना के तहत लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से सिउरी रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया जा रहा है, जिससे यह न केवल आधुनिक तकनीक से लैस होगा बल्कि स्थानीय संस्कृति और वास्तुकला का भी अनूठा मिश्रण पेश करेगा। सिउरी स्टेशन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है और यह साहिबगंज लूप लाइन की प्रमुख शाखा रही है। एक समय में विश्वकवि रवींद्रनाथ टैगोर और लेखक ताराशंकर बंद्योपाध्याय ने इस स्टेशन का उल्लेख किया। अब अमृत भारत परियोजना के तहत इसे आधुनिक सुविधाओं और नागरिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। स्टेशन के नए डिजाइन में बीरभूम की टेराकोटा वास्तुकला और लोक कला का प्रभाव दिखेगा। दीवारों पर अल्पना और बाउल संस्कृति के चित्रित अंश यात्रियों का स्वागत करेंगे। प्लेटफॉर्म शेल्टर और फर्श में सुधार से धूप और बारिश से सुरक्षा होगी। उन्नत साइनेज और टीआईबी/सीआईबी (ट्रेन/कोच इंडिकेशन बोर्ड) की स्थापना से यात्रियों को ट्रेन और कोच की स्थिति आसानी से पता चलेगी। दिव्यांग यात्रियों और बुजुर्गों के लिए लिफ्ट की सुविधा भी उपलब्ध होगी। पार्किंग और सर्कुलेशन क्षेत्रों में सुधार से प्रवेश और निकास में भीड़ कम होगी। सिउरी स्टेशन के आधुनिकीकरण से स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। बक्रेश्वर के गर्म कुंड, तिलपाड़ा बैराज, शांतिनिकेतन और तारापीठ आने वाले पर्यटक अब इसे आरामदायक ट्रांजिट पॉइंट के रूप में उपयोग कर सकेंगे। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और हस्तशिल्प, हथकरघा और मोरब्बा जैसी परंपरागत उत्पाद वैश्विक मंच तक पहुंचेंगे। तकनीकी आधुनिकीकरण और क्षेत्रीय पहचान का यह संतुलन 'विकसित भारत 2047' के सपनों को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

आईकू ज़ेड11एक्स 12 मार्च को लॉन्च होने के लिए तैयार

कोलकाता : आईकू 12 मार्च को आईकू ज़ेड11एक्स लॉन्च करने जा रहा है। यह खास तौर पर उन छात्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो पढ़ाई, मनोरंजन और अपने लक्ष्य, तीनों को साथ लेकर चलते हैं। आईकू ज़ेड11एक्स भरोसेमंद परफॉर्मेंस और दमदार बैटरी सेटअप के साथ आता है, जो लंबे और बिना रुकावट वाले दिन के लिए तैयार किया गया है। इस अनुभव की अगुवाई करती है सेगमेंट की सबसे बड़ी 7200 एमएएच बैटरी, जिसे इस तरह इंजीनियर किया गया है कि यह सिंगल ऐप उपयोग के आधार पर एक बार चार्ज करने पर लगभग 40 घंटे तक वीडियो प्लेबैक, 93 घंटे तक म्यूज़िक प्लेबैक, 15.4 घंटे तक गेमिंग, और 18.7 घंटे तक सोशल मीडिया इस्तेमाल का साथ दे सके। 44 वाट फ्लैशचार्ज, रिवर्स चार्जिंग सपोर्ट और 6 साल तक बैटरी हेल्थ के साथ ज़ेड11एक्स को लंबे समय तक भरोसेमंद इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया है।

# मेट्रो रेलवे में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया, महिलाओं की भागीदारी और समान अवसरों पर जोर

**कोलकाता, समाज्ञा :** मेट्रो रेलवे के मेट्रो रेल भवन में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों की उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए लैंगिक समानता और महिलाओं को समान अवसर देने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक एस.एस. मिश्रा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में लैंगिक समानता स्थापित करने और महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए समान अवसर प्रदान करने के लिए सभी को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेट्रो रेलवे की सभी महिला कर्मचारी समाज के लिए रोल मॉडल हैं। कार्यक्रम की अतिथि वक्ता पियाली सेनगुप्ता, सहायक प्रोफेसर, आईआईएसडब्ल्यूबीएम, ने महिलाओं के लिए सतत विकास




लक्ष्यों को प्राप्त करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शिक्षा, न्याय, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता, संवेदनशीलता और समानता सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है। इस अवसर पर मेट्रो रेलवे की प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी गोपा मजूमदार ने महिला कर्मचारियों से जुड़ी विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं पर चर्चा की और इनसे निपटने के उपायों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में एमआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के अध्यक्ष मधुमिता मिश्रा तथा संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने मेट्रो रेलवे की महिला कर्मचारियों को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में मेट्रो रेलवे के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, एमआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ के सदस्यों तथा

# एसआईआर के बाद प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम 'विचाराधीन' श्रेणी में देखकर महिला ने आत्महत्या की

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक महिला विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद हाल ही में प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम विचाराधीन श्रेणी में देखकर इतना व्यथित हो गई कि उसने सोमवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। इस मतदाता सूची में महिला का नाम 'विचाराधीन' के रूप में दर्ज था, लेकिन उसके दो बेटों के नाम सूची से गायब थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना बदुरिया उपमंडल के पश्चिम चांदीपुर गांव में हुई। उन्होंने कहा कि मृतक की पहचान 50 वर्षीय रीना रानी कुंदू के रूप में हुई है। रीना के परिवार के सदस्यों के अनुसार, एसआईआर के बाद हाल ही में प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में कुंदू का नाम 'विचाराधीन' के रूप में दिखाया गया है, जबकि उनके बेटे शुभदीप और सौमेन के नाम सूची में शामिल नहीं थे। निर्वाचन आयोग द्वारा 28 फरवरी को जारी मतदाता सूची में 60 लाख से अधिक मतदाताओं को 'विचाराधीन' श्रेणी में रखा गया था। आयोग द्वारा नियुक्त न्यायिक अधिकारी वर्तमान में गणना प्रपत्रों की 'तार्किक विसंगतियों' को लेकर जांच कर रहे हैं। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, 'मतदाता सूची संबंधी समस्याओं के कारण वह पिछले कुछ दिनों से बेहद चिंतित थीं।' उन्होंने कहा कि महिला ने सोमवार दोपहर कथित तौर पर अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने कहा कि घटना के समय उसके दोनों बेटे मतदाता सूची से जुड़ी स्पष्टता के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रखंड विकास अधिकारी कार्यालय गए हुए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच शुरू की गई है।

## आमता में इलेक्ट्रिक शवदाह गृह का शिलान्यास, लगभग 2.96 करोड़ रुपये की लागत से होगा निर्माण



**हावड़ा :** आमता विधानसभा क्षेत्र के थलिया ग्राम पंचायत इलाके में सोमवार को एक आधुनिक इलेक्ट्रिक शवदाह गृह के निर्माण का शिलान्यास किया गया। इस परियोजना पर कुल 2 करोड़ 96 लाख 2 हजार 751 रुपये खर्च किए जाएंगे। इस अवसर पर सुकांत पाल ने बताया कि शवदाह गृह का निर्माण आमता-2 ब्लॉक के शॉर्टकट चैनल के किनारे स्थित थलिया मौजा में किया जाएगा। परियोजना के तहत करीब 4 हजार वर्गफुट क्षेत्र में दो मंजिला भवन बनाया जाएगा। भूतल पर कार्यालय, लोगों के बैठने की व्यवस्था और शौचालय की सुविधा रहेगी। वहीं पहली मंजिल पर डबल फर्नेस वाला आधुनिक इलेक्ट्रिक शवदाह गृह स्थापित किया जाएगा। विधायक ने बताया कि यह इलेक्ट्रिक चुल्हा पूरी तरह पर्यावरण के अनुकूल और प्रदूषण मुक्त होगा। इसके निर्माण से स्थानीय लोगों को अंतिम संस्कार की आधुनिक और सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध होगी।

# पूर्व रेलवे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 पर महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर अपने मुख्यालय, फेयरली प्लेस, कोलकाता में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस समारोह का उद्देश्य विभिन्न डिवीजन, कार्यशालाओं और मुख्यालय कार्यालयों की चयनित महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य और समर्पण के लिए सम्मानित करना था। इस समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सीमा देउस्कर द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर, अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी जरिना फिरदौसी सहित अन्य प्रधान अधिकारियों की



मौजूदगी रही। औपचारिक संचालन की शुरुआत जरिना फिरदौसी के स्वागत भाषण से हुई, इसके बाद मुख्य अतिथि सीमा देउस्कर ने महिला सशक्तिकरण और रेलवे क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रेरक भाषण दिया। उन्होंने महिला कर्मचारियों को आत्मनिर्भर बनने, पेशेवर बाधाओं को तोड़ने और हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ नेतृत्व करने का संदेश दिया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने 31 महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और सेवा के प्रति समर्पण के लिए पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए। इसके अतिरिक्त, इस साल यूपीएससी में 40 वीं रैंक प्राप्त करने वाली आरपीएफ के हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र राय की पुत्री, दीक्षा राय को भी सम्मानित किया गया। मिलिंद देउस्कर ने कहा कि महिला कर्मचारी रेलवे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और सुरक्षा से जुड़ी जिम्मेदारियों सहित इनडोर और आउटडोर कार्यों में अपनी दक्षता साबित कर चुकी हैं। उन्होंने महिलाओं के लिए सहायक और समावेशी कार्य वातावरण प्रदान करने के प्रति पूर्व रेलवे की प्रतिबद्धता दोहराई। पूर्व रेलवे ने गर्व व्यक्त किया कि यहां महिला कर्मचारी लोको पायलट, स्टेशन प्रबंधक, टिकट कलेक्टर और अन्य महत्वपूर्ण भूमिकाओं में योगदान कर रही हैं। कार्यक्रम का समापन ज्योत्स्ना कुसुमाकर, सीपीओ/एडमिनिस्ट्रेशन द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# बंगाल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा को जनसमर्थन

**❑ महिलाओं को प्रति माह 3,000 की वित्तीय सहायता दी जाएगी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की जारी परिवर्तन यात्रा को राज्य के विभिन्न हिस्सों में व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता अलग-अलग जिलों में जनसभाओं को संबोधित कर राज्य में राजनीतिक बदलाव और विकास के अपने दृष्टिकोण को सामने रख रहे हैं। उत्तर 24 परगना विभाग में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि जो लोग लूट चाहते हैं वे तृणमूल कांग्रेस को वोट दें, जबकि जो लोग विकास चाहते हैं वे भारतीय जनता पार्टी का समर्थन करें। उन्होंने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस अब सत्ता से बाहर होने वाली है और बंगाल में भाजपा की सरकार बनने जा रही है।



उन्होंने मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए कहा कि कई उदाहरण सामने आए हैं जहां किसी व्यक्ति को दस वर्ष की आयु में ही पिता के रूप में दिखाया गया है। उनके अनुसार इससे मतदाता सूची की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठते हैं। **समिक भट्टाचार्य** ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं को प्रति माह 3,000 की वित्तीय सहायता दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष ने यह भी घोषणा की कि भाजपा सरकार बनने के 45 दिनों के अंदर राज्य में 7वां वेतन आयोग लागू किया जाएगा, जिससे सरकारी कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी। उन्होंने वर्तमान राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार, राजनीतिक हस्तक्षेप और निवेश के अनुकूल नीतियों की कमी के कारण बंगाल की औद्योगिक क्षमता को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया।

भट्टाचार्य ने कहा कि आगामी चुनाव पश्चिम बंगाल को पश्चिम बांग्लादेश बनने से रोकने का अंतिम अवसर है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल के कुछ नेताओं ने भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के त्वचा के रंग को लेकर उनका अपमान किया, जिसे उन्होंने देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान बताया। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

इस बीच दक्षिण 24 परगना विभाग में सभा को संबोधित करते हुए त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री **बिप्लब कुमार देव** ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनने पर महिलाओं को प्रति माह 3,000 की वित्तीय सहायता दी जाएगी। उन्होंने ममता बनर्जी पर राज्य की समस्याओं की जिम्मेदारी से बचने का आरोप लगाया और कहा कि उनका ध्यान केवल अपने भतीजे को बंगाल का मुख्यमंत्री बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वामी विवेकानंद, रवीन्द्रनाथ ठाकुर और सुभाष चंद्र बोस के आदर्शों से प्रेरित एक नए बंगाल का निर्माण करना चाहती है।

सिलीगुड़ी विभाग में आयोजित सभा में विधानसभा में विपक्ष के नेता **शुभेंदु अधिकारी** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन के तहत महिलाओं के लिए शौचालय बनाए गए और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पश्चिम बंगाल में लगभग 40 लाख घर उपलब्ध कराए गए। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ने लाभार्थियों से कट मनी वसूली और कई मामलों में योजनाओं के धन का दुरुपयोग किया। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार केंद्र सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर उनका श्रेय लेने की कोशिश करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेयजल और नल जल परियोजनाओं के लिए केंद्र सरकार द्वारा दिए गए 27,000 करोड़ का भी दुरुपयोग किया गया। उन्होंने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई और हांसखाली, रामपुरहाट तथा अन्य घटनाओं का उल्लेख करते हुए राज्य सरकार पर सवाल उठाए। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए काम करेगी और किसानों के हितों की रक्षा करेगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि राज्य में भारत-बांग्लादेश सीमा को सील किया जाएगा, युवाओं को सरकारी नौकरियों में आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट दी जाएगी और भाजपा सरकार बनने पर लोगों को आयुष्मान भारत के तहत 5 लाख तक का स्वास्थ्य कवरेज मिलेगा।



## बंगाल में 70 करोड़ रुपये के जाली नोटों के साथ दंपती समेत सात गिरफ्तार

**❑ फ्लैट से 12 मोबाइल फोन और एक लग्जरी कार भी जब्त की गई**

**कोलकाता :** नेपाल पुलिस की एक टीम ने बंगाल पुलिस की सहायता से कोलकाता के पास एक फ्लैट पर छापेमारी के दौरान राज्य के एक दंपती सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया और लगभग 70 करोड़ रुपये मूल्य की नकली मुद्रा जब्त की। रविवार को उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया में कमरहटी नगरपालिका के अंतर्गत एक अपार्टमेंट में छापा मारा गया, जहां दीपा घर और उसके पति अरिंदम नाम का यह दंपती रह रहा था। गिरफ्तार किए गए लोगों में एक नेपाली नागरिक भी शामिल है। जांचकर्ताओं ने बताया कि तलाशी के दौरान लोहे के बक्सों से लगभग 70 करोड़ रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद किए गए। फ्लैट से 12 मोबाइल फोन और एक लग्जरी कार भी जब्त की गई। इलाके की निवासी दीपा ने कुछ साल पहले दक्षिण 24 परगना के सोनारपुर में हरिणवी के अरिंदम से शादी की थी। दंपती ने 2024 में नेपाल की यात्रा की थी, जहां से उन्होंने नकली मुद्रा रैकेट में अपनी संलिप्तता शुरू की थी।


**अलीपुरद्वार–एसएमवीटी बेंगलुरु–अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस दलगांव स्टेशन पर रुकेगी**

यात्रियों की सुविधा के लिए, **16598/16597 अलीपुरद्वार–एसएमवीटी बेंगलुरु–अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस** निम्नवर्णित समयसूची के अनुसार **दलगांव (डीएलओ)** स्टेशन पर रुकेगी:

| ट्रेन सं. एवं नाम | स्टेशन | आ. | प्र. | प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 16598 अलीपुरद्वार–एसएमवीटी बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तिथि 09.03.2026) | दलगांव (डीएलओ) | 23.46 | 23.48 | 09.03.2026 |
| 16597 एसएमवीटी बेंगलुरु–अलीपुरद्वार अमृत भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की तिथि 14.03.2026) | | 08.01 | 08.03 | 16.03.2026 |

**टिप्पणी:** ट्रेनों की समयसूची सभी अन्य स्टेशनों पर अपरिवर्तित रहेगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# राष्ट्रपति प्रोटोकाल विवाद पर ममता सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी रिपोर्ट

**❑ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अनुपस्थिति पर दी सफाई**

**कोलकाता :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के हालिया बंगाल दौरे के दौरान प्रोटोकाल उल्लंघन को लेकर जारी विवाद के बीच ममता सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंप दी है। राज्य के मुख्य सचिव ने केंद्रीय गृह सचिव को भेजे गए दस्तावेजों में उन परिस्थितियों का स्पष्टीकरण दिया है, जिनके कारण मुख्यमंत्री ममता बनर्जी राष्ट्रपति के कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकी थीं।



नवान्न (राज्य सचिवालय) सूत्रों के अनुसार, मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती ने रविवार को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन को भेजी रिपोर्ट में राष्ट्रपति के उत्तर बंगाल दौरे से जुड़ी प्रशासनिक घटनाओं का पूरा क्रम साझा किया है। रिपोर्ट में उन प्रासंगिक दस्तावेजों को भी शामिल किया गया है। राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि रिपोर्ट में न केवल मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति का कारण बताया गया है, बल्कि 'अंतरराष्ट्रीय आदिवासी एवं संथाल सम्मेलन' के आयोजन स्थल को अंतिम समय में बदलने के पीछे के तर्क भी स्पष्ट किए गए हैं।

**❑ राज्य सरकार का दावा, जिला प्रशासन ने नहीं किया है प्रोटोकाल का उल्लंघन**

गौरतलब है कि सात मार्च को राष्ट्रपति ने अपने दौरे के दौरान नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था कि उन्हें यह जानकर दुख हुआ कि आदिवासी प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में आने से रोका गया। उन्होंने आयोजन स्थल के बदलाव और मुख्यमंत्री की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए थे। राष्ट्रपति की टिप्पणी ममता दी मेरी छोटी बहन हैं, पता नहीं वह क्यों नाराज हैं ने राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दी थी। इसके जवाब में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया था कि उन्हें उस विशिष्ट कार्यक्रम के बारे में आधिकारिक जानकारी नहीं थी और न ही राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा स्वीकृत स्वागत सूची में उनका नाम शामिल था।

वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस मुद्दे पर राज्य सरकार की आलोचना किए जाने और केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा 'ब्लू बुक' (अति विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा और प्रोटोकाल नियम) के उल्लंघन का आरोप लगाए जाने के बाद यह रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। राज्य सरकार ने जोर देकर कहा है कि जिला प्रशासन की ओर से किसी भी प्रोटोकाल का उल्लंघन नहीं किया गया है।

# राष्ट्रपति की पिछली बंगाल यात्राओं के दौरान राज्यपाल, सीएम व मंत्री रहे थे मौजूद

## 27 मार्च, 2023 को पहली यात्रा के दौरान आरसीटीसी में ममता ने राष्ट्रपति मुर्मु का किया था स्वागत

**कोलकाता :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की पिछली बंगाल यात्राओं के दौरान राज्यपाल, मुख्यमंत्री व मंत्रियों की मौजूदगी देखने को मिली थी। राष्ट्रपति मुर्मु ने दो दिवसीय दौरे के हिस्से के रूप में 27 मार्च, 2023 को बंगाल की अपनी पहली यात्रा की। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएससीबीआइए) पर पहुंचने पर राष्ट्रपति को सशस्त्र बलों द्वारा औपचारिक गार्ड आफ आनर दिया गया। उनका स्वागत आनंद बोस और नगर मामलों के मंत्री फिरहाद हकीम सहित अन्य लोगों ने किया। हवाई अड्डे से वह हेलीकाप्टर से रायल कलकत्ता टर्फ क्लब (आरसीटीसी) मैदान पहुंचीं और फिर सडक़ मार्ग से राजभवन के लिए रवाना हुईं। आरसीटीसी में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राष्ट्रपति मुर्मु का स्वागत किया।



बाद में बनर्जी ने नेताजी इंडोर स्टेडियम में एक आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम में राष्ट्रपति का स्वागत किया। शाम को नेताजी इंडोर स्टेडियम में राष्ट्रपति को एक नागरिक स्वागत समारोह दिया गया, जहां राज्यपाल सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उपस्थित थे। 17 अगस्त, 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु एक दिवसीय दौरे पर कोलकाता आईं और उन्होंने मेरा बंगाल, नशामुक्त बंगाल अभियान और भारतीय नौसेना के जहाज (आइएनएस) विंध्यगिरि का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंद बोस और मुख्यमंत्री बनर्जी भी उपस्थित थीं। कोलकाता के एनएससीबीआइ हवाई अड्डे पर पहुंचने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत राज्यपाल आनंद बोस ने किया। 18 दिसंबर, 2023 को राष्ट्रपति के रूप में बंगाल की अपनी तीसरी यात्रा पर, मुर्मु का कलाइकुंडा वायुसेना स्टेशन पर बंगाल के सूचना एवं इलेक्ट्रानिक्स मंत्री बाबुल सुप्रियो ने स्वागत किया। इस यात्रा के दौरान, उन्होंने आइआइटी खडग़पुर के 69वें दीक्षा समारोह में भाग लिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 30-31 जुलाई, 2025 को बंगाल का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान, उन्होंने 30 जुलाई को नदिया में एम्स कल्याणी के प्रथम दीक्षा समारोह में भाग लिया, कोलकाता में दक्षिणेश्वर काली मंदिर का दर्शन किया और 31 जुलाई, 2025 को दिल्ली के लिए रवाना होने से पहले राजभवन में ठहरीं। उनके आगमन पर, बंगाल के मंत्री बीरबहा हांसदा, राज्यपाल आनंद बोस और तत्कालीन मुख्य सचिव मनोज पंत ने उनका स्वागत किया। गत सात मार्च को सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति की हालिया यात्रा के दौरान शहर के मेयर गौतम देब ने बागडोगरा हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रोटोकाल के मुताबिक, राष्ट्रपति के स्वागत के लिए आमतौर पर राज्यपाल, मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री मौजूद रहता है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: ई-टेंडर/2026/09, दिनांक 06.03.2026:** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए मदों के समक्ष उल्लेखित तारीख को **अपराह्न 3.00 बजे से पहले** ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं तथा अपराह्न **3.30 बजे खोली** जाएंगी: **क्रमांक एवं निविदा सं., कार्य का विवरण, निविदा मूल्य, बयाना राशि: (1) ई-केजीपी-साऊथ-06-2026**, वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण)/ खड़गपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन हल्दीपदा, रानीताल, बस्ता, बेनापुर एवं लक्ष्मणनाथ रोड में वर्तमान पुराने फूट ओवर ब्रिज के स्थान पर नए 3.0 मीटर चौड़े फूट ओवर ब्रिज का निर्माण तथा बाखराबाद स्टेशन में प्लेटफॉर्म सं. 3/4 को जोड़ने के लिए वर्तमान 3.0 मीटर चौड़े फूट ओवर ब्रिज का विस्तार; रु. 23,45,67,795.28; रु. 13,22,800; **(2) ई-केजीपी-वेस्ट-07-2026**, खड़गपुर: सहायक मंडल अभियंता/वेस्ट/खड़गपुर के अधीन ओवररन लाइन, डेड एंड एवं सैंड हम्प का सुधार एवं मानकीकरण (चौथा आमंत्रण); रु. 1,37,02,424.13; रु. 2,18,500; **(3) ई-केजीपी-साऊथ-07-2026**, नीचे उल्लेखित कार्यों का निष्पादन: (i) वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/हिजली के अधीन तटबंध की सेस की मरम्मत एवं मजबूतीकरण तथा वरिष्ठ अनुभाग अभियंता/पी.वे/दांतन के अधीन बेलदा-नेकुरसेनी के बीच सेंट्रल ड्रेन का निर्माण, (ii) सहायक मंडल अभियंता (दक्षिण)/ खड़गपुर के अधीन हिजली एवं दांतन में आरजीएम साइडिंग में सुविधाओं का विस्तार। (दूसरा आमंत्रण): रु. 2,94,81,164.17; रु. 2,97,400; **निविदा दस्तावेज की कीमत:** प्रत्येक के लिए रु. 0.00; **खुलने की तारीख:** क्रमांक 1 के लिए 19.03.2026, क्रमांक 2 के लिए 27.03.2026 एवं क्रमांक 3 के लिए 02.04.2026; **कार्य समापन अवधि:** क्रमांक 1 एवं 3 के लिए 18 महीने तथा क्रमांक 2 के लिए 12 महीने। **बोली शुरू होने की तारीख:** क्रमांक 1 के लिए 05.03.2026 से 19.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक, क्रमांक 2 के लिए 13.03.2026 से 27.03.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक तथा क्रमांक 3 के लिए 19.03.2026 से 02.04.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदाओं के सम्पूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देश के लिए इच्छुक निविदातागण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। **(PR-1276)**



**Name Change**

I,VIJAY JHAWAR & VIJAY KUMAR (OLD NAME), SON OF LATE JEEVAN LAL JHAWAR,RESIDING AT POST PIPARIYA,TEH PIPARIYA, MITHI GALI, NEHRU WARD NO 13,DIST - HOSHANGABAD, PIN - 461775, MADHYA PRADESH, HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HENCEFORTH BE KNOWN AS VIJAY KUMAR JHAWAR(NEW NAME) VIDE AN AFFIDAVIT NO 3 SWORN BEFORE THE NOTARY PUBLIC AT KOLKATA ON 09/03/2026. VIJAY JHAWAR & VIJAY KUMAR AND VIJAY KUMAR JHAWAR BOTH ARE THE SAME AND ONE IDENTICAL PERSON.



**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that Mr. Govind Karel is the sole and absolute owner of the property situated at: EP 178, 39 SK Deb Road, PallySree Colony, Silver Garden Apartment, 4th Floor, Flat 4B, P.O. Sree Bhumi,P.S. Laketown.Any person claiming any right, title, interest, or entering into any transaction regarding the above property with anyone other than Mr. Govind Karel shall do so at their own risk, and such transactions shall be treated as null and void.

Date: 09/03/2026
Place: Kolkata

Govind Karel
(Owner)



**पूर्व रेलवे**

निविदा सूचना सं.: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/746, दिनांक 06.03.2026; मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3594; कार्य का नाम:** एईएन/एनडीएई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 7/5 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3592; कार्य का नाम:** एईएन/एजेड के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 24ए(टी) के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3535-आर; कार्य का नाम:** हावड़ा स्टेशन में 9 स्थानों पर (यूटीएस एवं पीआरएस काउंटर, नकदी कार्यालय एवं डीएस (जी) कार्यालय) में सीसीटीवी निगरानी कैमरा के साथ 3 अदद निगरानी यंत्र (पीसी) की स्थापना के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 4, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3538; कार्य का नाम:** एईएन/एनडीएई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 17/ए/6 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 5, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3580; कार्य का नाम:** एईएन/केडब्ल्यूएई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 21/1/सी/ई (एमएल) के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 6, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3536-आर; कार्य का नाम:** एईएन/1/एलएलएच के अधीन बीईक्यू, आरआईएस, सीएनएस एवं एसआईयू में 350 x 200 मिमी गहरे नलकूप गाढ़ने, पम्प हाउस, पाइप लाइन के प्रावधान के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 7, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3577; कार्य का नाम:** एईएन/एनडीएई के अधीन रेलवे के रिलिविंग गर्डर द्वारा एलसी गेट सं. 5/2 के स्थान पर नए एलएचएस के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 8, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3512-आर; कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के संवेदनशील एलसी गेट पर सीसीटीवी की स्थापना के प्रस्ताव के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **क्रमांक 9, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3598; कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के तहत 24 स्थानों पर पैनल रूमों एसी का प्रावधान। **क्रमांक 10, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3561; कार्य का नाम:** सीनि. डीईएन/एचक्यू/एचडब्ल्यूएच सेक्शन के अधीन सभी महिला कर्मियों की सुविधा के लिए संलग्न शौचालय के साथ महिला वस्त्र परिवर्तन कक्ष के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 9,25,614/- (क्रमांक 1, 2, 4, 5 एवं 7 के लिए), रु. 6,16,388/- (क्रमांक 3 के लिए), रु. 7,41,408/- (क्रमांक 6 के लिए), रु. 4,87,076/- (क्रमांक 8 के लिए, रु. 13,26,102/- (क्रमांक 9 के लिए) एवं रु. 4,07,235/- (क्रमांक 10 के लिए); **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 18,500/- (क्रमांक 1, 2, 4, 5 एवं 7 के लिए), रु. 12,300/- (क्रमांक 3 के लिए), रु. 14,800/- (क्रमांक 6 के लिए), रु. 9,800/- (क्रमांक 8 के लिए, रु. 26,500/- (क्रमांक 9 के लिए) एवं रु. 8,200/- (क्रमांक 10 के लिए); **समापन अवधि:** प्रत्येक के लिए 180 दिन। **बंद होने की तारीख एवं समय:** 25.03.2026 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रमांक 3 एवं 4 के लिए), 27.03.2026 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रमांक 1,2, 5, 6, 7 एवं 8 के लिए), 30.03.2026 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रमांक 9 के लिए) एवं 31.03.2026 को अपराह्न 03.00 बजे (क्रमांक 10 के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

(HWH-680/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## दक्षिण पूर्व रेलवे में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 53 महिला कर्मचारियों का सम्मान



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे मुख्यालय, गार्डन रीच में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी तथा बड़ी संख्या में महिला कर्मचारी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत में दक्षिण पूर्व रेलवे की प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी डॉ. महुआ वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के दौरान दक्षिण पूर्व रेलवे की 53 महिला कर्मचारियों को उनके-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 का विषय गिव टू गेन रखा गया है। महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में दक्षिण पूर्व रेलवे में कार्यरत लगभग 7,603 महिला कर्मचारियों के योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों का सम्मान करने का अवसर है। उन्होंने बताया कि दक्षिण पूर्व रेलवे में महिलाएं ट्रैक मेंटेनर, प्वाइंट्समैन, लोको पायलट, गार्ड, स्टेशन मैनेजर जैसे सुरक्षा से जुड़े पदों पर भी जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे के मुख्यालय, मंडलों और कार्यशालाओं में महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर, रक्तदान शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे कई आयोजन किए जाते रहे हैं।

### कालीघाट मंदिर जाते समय मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ लगा गो बैक के नारे और दिखाया गया काला झंडा

**कोलकाता :** बंगाल विधानसभा चुनावों की तैयारियों का जायजा लेने पहुंची चुनाव आयोग की फुल बेंच को सोमवार सुबह उस वक्त असहज स्थिति का सामना करना पड़ा, जब मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गृह इलाका कालीघाट में भारी विरोध झेलना पड़ा। सोमवार सुबह ज्ञानेश कुमार राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल के साथ कालीघाट मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे थे। उनके आगमन से पहले ही प्रदर्शनकारियों का एक बड़ा समूह मंदिर के बाहर जमा हो गया। जैसे ही मुख्य चुनाव आयुक्त मंदिर से बाहर निकले, प्रदर्शनकारियों ने उन्हें काले झंडे दिखाकर 'गो बैक' के नारे लगाने लगे। प्रदर्शनकारियों का मुख्य आरोप मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर था। उनका दावा है कि 'एसआइआर प्रक्रिया के नाम पर मतदाता सूची से जानबूझकर कई वैध मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और इस प्रक्रिया पर अपनी नाराजगी जाहिर की।

# धरनास्थल पर भाजपा बांट रही पर्चे, भड़कीं ममता

**कार्यकर्ताओं से कहा, हाथों-हाथ पकड़कर पुलिस को सौंपें, चेतावनी के बाद तीन संदिग्धों को पकड़ने का दावा**

**कोलकाता :** महानगर के धर्मतल्ला में एसआइआर के खिलाफ धरने के दौरान सोमवार को उस वक्त भारी तनाव फैल गया, जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर अपने धरने में घुसकर 'प्रोपेगैंडा' फैलाने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा बाहरी एजेंसियों के जरिए धरना स्थल पर पर्चे (लीफलेट) बंटवा रही है। ममता की चेतावनी के बाद मौके से तीन संदिग्धों को पकड़ा गया है।

मतदाता सूची के विशेष गहण परीक्षण (एसआइआर) के खिलाफ पिछले चार दिनों से शहर के बीचों-बीच धर्मतल्ला में धरना दे रही ममता ने राज्य की मंत्री शशि पांजा को निर्देश भी दिया कि वह इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं।

धरने के चौथे दिन मंच से कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी बेहद आक्रामक नजर आईं। उन्होंने कहा कि मैं यहां धरने पर बैठे सभी लोगों को सतर्क कर रही हूं। भाजपा बाहरी लोगों के जरिए यहां लीफलेट बांटने की कोशिश कर रही है। इन्हें रंगे हाथों पकड़िए और तुरंत पुलिस के हवाले करें। किसी अन्य राजनीतिक दल के कार्यक्रम में इस तरह घुसपैठ करने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है।

मुख्यमंत्री ने भाजपा को 'डरपोक' और 'कायर' बताते हुए कहा कि इनके पास जनसमर्थन नहीं है, इसलिए ये हमारे कार्यकर्ताओं के बीच पर्चे बांट रहे हैं। पकड़े गए लोगों के खिलाफ



एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। ममता ने इस मामले की निगरानी की जिम्मेदारी राज्य की मंत्री शशि पांजा को सौंपी है।

वह स्पष्टतया उन पर्चों का जिक्र कर रही थीं, जिनमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 14 मार्च को कोलकाता में होने वाली रैली का प्रचार किया गया था और जिन्हें कथित तौर पर वहां वितरित किया गया था।

**❑ भाजपा का पलटवार : हमें उन्हें बुलाने की जरूरत नहीं**

दूसरी तरफ, भाजपा ने इन तमाम आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। चर्चा है कि ये पर्चे प्रधानमंत्री मोदी की आगामी ब्रिगेड सभा के प्रचार के लिए बांटे जा रहे थे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा कि भाजपा का कोई कार्यकर्ता वहां नहीं गया था। यह तृणमूल की अपनी साजिश है ताकि हमें बदनाम किया जा सके। सिन्हा ने तंज कसते हुए आगे कहा कि हमें मोदी जी की सभा में तृणमूल के लोगों को बुलाने की कोई जरूरत नहीं है, इसलिए हम वहां लीफलेट क्यों बांटेंगे? वैसे भी, अगर मुख्यमंत्री को सड़क जाम कर बैठने का अधिकार है, तो दूसरों को भी अपनी बात रखने का लोकतांत्रिक अधिकार है।


**पालसिट डानकुनी टोलवे प्राइवेट लिमिटेड**
(आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

IRB INFRASTRUCTURE DEVELOPERS LTD

**सार्वजनिक सूचना**

**डानकुनी टोल प्लाजा पर संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दरों पर सार्वजनिक सूचना लागू 01 अप्रैल, 2026 के 00:00:00 बजे से**

जनता को सूचित किया जाता है कि **एनएचएआई के पत्र दिनांक 08.03.2026** संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क दरों के अनुमोदन के अनुसार **एनएच-19 के अनुभाग 588.870 से 652.700 एनएच-19 के पालसिट से डानकुनी तक (NH-6 कनेक्टर तक) डानकुनी टोल प्लाजा पर (चेनेज 647.230 ग्राम - डानकुनी के पास, जिला - हुगली)** पश्चिम बंगाल राज्य में **01 अप्रैल, 2026 के 00:00:00 बजे से** उपयोग के लिये उपयोगकर्ता शुल्क दरों में संशोधित होने जा रहा है।

**01 अप्रैल, 2026 के 00:00:00 बजे से लागू संशोधित सड़क उपयोगकर्ता शुल्क दरें** निम्नानुसार :-

**डानकुनी टोल प्लाजा किलोमीटर 647.230 के लिए शुल्कयुक्त लंबाई - 63.830 किलोमीटर**

| वाहनों की श्रेणी | शुल्क एक तरफा यात्रा हेतु (रुपये में) | शुल्क एक दिन के भीतर वापसी यात्रा हेतु (रुपये में) | एक महीने में 50 एक तरफा यात्राओं के लिए मासिक पास का शुल्क (रुपये में) | प्लाजा के जिले के भीतर पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन के लिए यात्रा के लिए शुल्क (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| कार/जीप/वैन या हल्के मोटर वाहन | 110 | 165 | 3680 | 55 |
| लाइट कमर्शियल वाहन/लाइट गुड्स व्हीकल/मिनी बस | 180 | 270 | 5945 | 90 |
| बस या ट्रक (दो धुरी वाले) | 375 | 560 | 12460 | 185 |
| तीन धुरी कमर्शियल वाहन | 410 | 610 | 13595 | 205 |
| भारी निर्माण मशीनरी (एचसीएम)/अर्थ मूविंग उपकरण (ईएमई)/ बहु धुरिय वाहन (एमएवी) (4 से 6 धुरी) | 585 | 880 | 19540 | 295 |
| बड़े आकार के वाहन (सात या अधिक धुरी) | 715 | 1070 | 23790 | 355 |

टोल प्लाजा से 20 किमी की दूरी के भीतर रहने वाले स्थानीय गैर-व्यवसायिक वाहन के लिए उपयुक्त टोल प्लाजा पर **01 अप्रैल, 2026 को 00:00:00 बजे से प्रति कैलेंडर माह पास की दर रु. 360/- प्रति माह होगी।**

2. उपरोक्त दरें **647.230 किमी** पर स्थित डानकुनी टोल प्लाजा का **61.30 किलोमीटर पूर्ण लंबाई** एवं **2.53 किलोमीटर निर्माणाधीन** सड़क के लिए लागू है, जिसमें **62.935 किलोमीटर** सड़क की लंबाई और **0.895 किलोमीटर** 60 मीटर से अधिक लंबाई वाले संरचना शामिल है।
3. भारत सरकार के दिनांक 19.07.2019 और 29.11.2019 के परिपत्र द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 15.02.2021 से सभी एनएच टोल प्लाजा पर **"FASTag"** अनिवार्य है। भारत सरकार के राजपत्र **अधिसूचना संख्या जीएसआर.298 दिनांक 15.05.2020** के निर्देशानुसार जिन वाहनों में **फास्टैग** संलग्न नहीं है या बिना वैध **फास्टैग** के जो वाहन टोल प्लाजा में प्रवेश करेगा वो वाहन की उस श्रेणी के लिए लागु शुल्क के दो गुणा के बराबर शुल्क का भुगतान करेगा।
4. केवल वैध **फास्टैग** के साथ उपरोक्त टोल प्लाजा पर निम्नलिखित रियायतें उपलब्ध हैं :
   (i) शुल्क भुगतान करने की अवधि से 24 घंटे में वापसी यात्रा के लिए सभी प्रकार के वाहनों के लिए (छूट 25%)।
   (ii) शुल्क भुगतान के दिनांक से एक माह के समय में 50 या अधिक एकतरफा यात्राओं के लिए सभी प्रकार के वाहनों के लिए (छूट 33%)।
   (iii) टोल प्लाजा से 20 किमी के भीतर रहने वाले व्यक्ति जिसने अपने वाहन का पंजीकरण गैर वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए किया है। उनके लिए मासिक पास की दर रु. **360/-** प्रति कैलेंडर माह होगी।
5. राहत की योजनाओं के लिये वेबसाइट **http://tis.nhai.gov.in/** देख सकते हैं।
6. टोल मुक्त वाहनों की सूची **राजपत्र अधिसूचना सं. S.O. 1203(E) दिनांक 17.03.2022** में दी गई है।
7. जो वाहन अनुमेय लोड से अधिक में लोड किया गया है वह **अधिसूचना संख्या GSR.920(ई) दिनांक 25.09.2018** के अनुसार भुगतान लागू शुल्क दर का 10 गुना तक भुगतान करेगा और राजमार्ग उपयोग करने के लिए अतिरिक्त भार को हटा देगा।
8. रियायत समझौते दिनांक 14 जून 2021 के अनुसार, **रियायत अवधि 31.03.2039 को समाप्त** होती है।
9. **दिनांक 17.03.2022** को राजपत्र में प्रकाशित शुल्क **अधिसूचना एवं दिनांक 08.03.2026 के एनएचएआई के पत्र** जिसमें संशोधित दरों एवं रियायत समझौते में प्रावधानों का अनुमोदन शामिल है, देखने के लिए वेबसाइट **http://tis.nhai.gov.in/** दौरा किया जाए।
10. किसी भी प्रकार की जानकारी और/अथवा शिकायत/सुझाव देने के लिए नाम और पता नीचे दिए गए है :

| | कंसेसियनार | पीआईयू एनएचएआई |
|---|---|---|
| प्रतिनिधि का नाम | श्री पंकज दुआ | श्री पी. के. श्रीवास्तव |
| पता | पालसिट डानकुनी टोलवे प्राइवेट लिमिटेड टोल प्लाजा प्रशासनिक भवन, मोलाबेर, दुर्गापुर एक्सप्रेसवे, डानकुनी, हुगली, पश्चिम बंगाल-712311 | पीआईयू-कोलकाता, सिंथेसिस बिजनेस पार्क विंग सी, 8वीं मंजिल, सीबीडी/1, जेएल-23, एक्शन एरिया-II, न्यू टाउन, पीएस-राजरहाट, कोलकाता-700156 |
| मोबाइल नंबर | 09915742804 | 08435984486 |

## बिहार : हड़ताल पर गए राजस्व अधिकारियों को सरकार की चेतावनी

**पटना:** बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजस्व विभाग के 100 दिन पूरे होने के अवसर पर सोमवार को विभाग की उपलब्धियां गिनाईं और हड़ताल पर गए अधिकारियों को सख्त चेतावनी दी। राजस्व विभाग में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सिन्हा ने कहा कि हड़ताल पर गए अंचलाधिकारी (सीओ) और राजस्व अधिकारियों (आरओ) के अनुपस्थित रहने के दिनों की गणना सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिकारी ठीक से नौकरी नहीं करेगा तो उसकी सेवा समाप्त भी की जा सकती है।

## झारखंड: रांची में सेना का जवान फंदे से लटका मिला, जांच जारी

**रांची:** झारखंड के रांची में 26 वर्षीय सेना के एक जवान को सोमवार को एक साइकिल शेड में फंदे से लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान अमन कुमार (26) के रूप में की गई है। उनका शव धुर्वा पुलिस थाना क्षेत्र के एचएमटीपी गोलचक्कर के पास साइकिल शेड में मिला। धुर्वा पुलिस थाना प्रभारी अधिकारी विमल किंडो ने कहा, हमने शव को पोस्टमार्टम के लिए राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) भेज दिया है। पहली नजर में यह आत्महत्या का मामला लगता है, हालांकि उनके परिवार के सदस्यों को हत्या का संदेह है। जवान छुट्टी पर रांची आया था। किंडो ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक लाइटर, रस्सी, एक मोबाइल फोन और सिगरेट बरामद की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है।

## बेगूसराय सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, पुलिस परिसर की जांच में जुटी

**बेगूसराय/खगड़िया:** बिहार के बेगूसराय सिविल कोर्ट को सोमवार को ई-मेल के माध्यम से बम से उड़ाने की धमकी मिली जिसके बाद अदालत परिसर के भीतर और बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में बताया, सोमवार सुबह अदालत प्रशासन को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम अदालत परिसर की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि अदालत परिसर की पूरी तरह जांच कर ली गयी है। एसपी ने कहा, अब तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। फिर भी एहतियात के तौर पर पूरे अदालत परिसर की गहन जांच की जा रही है। इस बीच खगड़िया के एसपी ने बताया कि वहां के सिविल कोर्ट में पुलिस द्वारा सुरक्षा अभ्यास किया जा रहा है।

# समयसीमा के भीतर समस्याओं का निस्तारण करे प्रशासन : योगी

**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को हर समस्या का समयसीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्य सरकार द्वारा यहां जारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने जिलों के प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। बयान में कहा गया है कि मुलाकात के दौरान दो उद्यमियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक



विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निवेश और उद्योग विकास में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बयान के अनुसार, कासगंज से आए एक व्यक्ति द्वारा पुलिस से जुड़ी शिकायत किए जाने पर मुख्यमंत्री ने संबंधित पुलिस अधीक्षक को मामले का संज्ञान लेते हुए समस्या का समयबद्ध निराकरण करने का आदेश दिया। 'जनता दर्शन' में कुछ अभिभावकों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने चॉकलेट दी और उनसे पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का काम से कम उपयोग करने की भी सलाह दी।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी मां पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में मुकदमा दर्ज

**बलरामपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी मां के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर बिहार के एक मौलाना के खिलाफ बलरामपुर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने सोमवार को बताया कि यह मुकदमा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की तहरीर पर दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि मिश्रा द्वारा पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि बिहार के मौलाना अब्दुल सलीम ने एक मजहबी जलसे के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उनकी माता को लेकर आपत्तिजनक एवं अभद्र टिप्पणी की।

## बिहार : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जेपी गंगा पथ के अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया



**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना जिले में जयप्रकाश (जेपी) गंगा पथ के अंतर्गत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से पटना घाट तक निर्माणाधीन संपर्क पथ का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्माण कार्य तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि पटना साहिब रेलवे स्टेशन से शुरू होकर जेपी गंगा पथ के पटना घाट तक संपर्क पथ का निर्माण किया जा रहा है। गंगा के दक्षिणी किनारे के साथ-साथ बनाए गए जेपी गंगा पथ को स्थानीय लोग 'मरीन ड्राइव' के नाम से भी जानते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संपर्क पथ इस क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्व-पूर्ण है और इसके बन जाने से लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी, जाम से राहत मिलेगी और समय की भी बचत होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संपर्क पथ का निर्माण कार्य समय पर पूरा कराया जाए।

## अभयारण्य से बाहर निकला बाघ जंगल में लौटा, बढ़ती बाघ संख्या से वन विभाग पर दबाव

**जयपुर:** रणथम्भौर बाघ अभयारण्य से बाहर निकलने के बाद रविवार तड़के एक पांच सितारा होटल के पास दिखाई दिया बाघ अब सुरक्षित रूप से अभयारण्य क्षेत्र में लौट गया है। वन विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस घटना ने एक बार फिर रणथम्भौर बाघ अभयारण्य में बढ़ती बाघ संख्या और क्षेत्रीय दबाव को लेकर चिंताओं को उजागर किया है। बाघ सबसे पहले रविवार सुबह 6 बजे एक फार्महाउस के पास लगे कैमरे में नजर आया। बाद में वह अमरेश्वर क्षेत्र होते हुए होटल की ओर बढ़ा, जिसके बाद स्थानीय निवासियों ने वन विभाग को सूचित किया। वन विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और पगमार्क की जांच करते हुए बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी। वन संरक्षक मानस सिंह ने कहा, बाघ सुरक्षित रूप से जंगल में लौट गया है। टीमों ने लगातार निगरानी रखी ताकि वह सुरक्षित रूप से अभयारण्य में वापस जा सके। उन्होंने बताया कि जिस



क्षेत्र में बाघ की गतिविधियां देखी गयीं वहां आबादी नहीं थी इसलिए किसी तरह की तनावपूर्ण स्थिति नहीं बनी। हाल के वर्षों में ऐसे मामले अधिक सामने आए हैं क्योंकि युवा बाघ नए क्षेत्र की तलाश में संरक्षित जंगल से बाहर निकलते हैं। सवाई माधोपुर जिले में स्थित रणथम्भौर बाघ अभयारण्य में बाघों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। यह वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक बड़ी सफलता मानी जा रही है लेकिन यही सफलता वन विभाग के लिए चुनौती बन रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि बाघों का कुनबा बढ़ने से जंगल छोटा पड़ रहा है और उनके लिए पर्याप्त बाघ पर्यावास नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है कि रणथम्भौर में युवा बाघ क्षेत्र की तलाश में लगातार जंगल की परिधि से बाहर निकल रहे हैं। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, लगभग 1,800 वर्ग किलोमीटर (सवाईमाधोपुर, धौलपुर और करौली जिले सहित बफर क्षेत्र) में फैले इस अभयारण्य में वर्तमान में लगभग 70 बाघ हैं।

## राजस्थान में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हुई समीक्षा बैठक

**जयपुर:** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने राजस्थान में महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए राज्य पुलिस के अधिकारियों के साथ सोमवार को एक समीक्षा बैठक की। यह समीक्षा बैठक पुलिस मुख्यालय के सभागार में आयोजित हुई, जहां अधिकारियों ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित मामलों और इनके सिलसिले में की गई कार्रवाई की प्रगति पर चर्चा की। इस बैठक में महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लगाने और उनकी सुरक्षा के



लिए तंत्र को मजबूत करने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया। प्राप्त शिकायतों की स्थिति, उनके निस्तारण के प्रयास और पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक (एसपी) हर्षवर्धन अग्रवाल ने राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की स्थिति, प्राप्त शिकायतों की संख्या और उनके समाधान के लिए उठाए गए कदमों पर प्रस्तुति दी। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रहाटकर ने समीक्षा बैठक के दौरान विकास कार्यों का जायजा लिया और कुछ सुझाव भी दिए। अधिकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा के लिए राज्य में लागू विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा की। इस बैठक में राजस्थान के पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा और पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## झारखंड के रामगढ़ स्थित रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालु पर हमला करने के आरोप में चार पुलिसकर्मी निलंबित

रामगढ़ (झारखंड): झारखंड के रामगढ़ जिले के रजरप्पा मंदिर में कथित तौर पर एक श्रद्धालु की पिटाई करते हुए दिखाने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह घटना रविवार को मंदिर के निकास द्वार के पास हुई। वीडियो में चार. पांच पुलिसकर्मी एक श्रद्धालु की कथित तौर पर पिटाई करते हुए दिखाई दे रहे हैं। 'पीटीआई भाषा' वीडियो की प्रामाणिकता की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सकी है। इसी बीच पुलिस अधीक्षक (एसपी) अजय कुमार ने मामले का संज्ञान लेते हुए चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। एसपी ने कहा, रजरप्पा मंदिर में ड्यूटी पर तैनात झारखंड आर्म्ड पुलिस (जेएपी) के चार कांस्टेबल को डीएसपी-सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार वत्स के नेतृत्व में हुई जांच में दोषी पाए जाने के बाद निलंबित कर दिया गया है। जांच के दौरान, वत्स ने चारों कांस्टेबल को दोषी पाया और अपनी रिपोर्ट जिला पुलिस मुख्यालय को सौंप दी।

## न्यूज अपडेट

### जल्द शुरू करूंगा बिहार के 38 जिलों का दौरा : निशांत कुमार

**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार ने सोमवार को कहा कि जनता दल (यूनाइटेड) में औपचारिक रूप से शामिल होने के बाद वह आगामी कुछ दिनों में राज्य के सभी 38 जिलों का दौरा करेंगे। निशांत ने अपनी मां मंजू सिन्हा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद संवाददाताओं से यह बात कही। मंजू सिन्हा की यह प्रतिमा राजधानी पटना के कंकड़बाग में उनके नाम पर बने एक पार्क में स्थापित है।



निशांत रविवार को जद(यू) में औपचारिक रूप से शामिल हुए थे। निशांत अपने पिता एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा आगामी राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने के बाद पार्टी में शामिल हुए हैं। निशांत ने संवाददाताओं से कहा, मैं बिहार के 38 जिलों का दौरा करने की योजना बना रहा हूं। इस संबंध में जल्द ही अंतिम फैसला लिया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने अपनी मां को याद किया। उन्होंने कहा, मैं यहां अपनी मां को श्रद्धांजलि देने आया हूं। वह भले ही आज हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनका आशीर्वाद हमेशा बना रहेगा। निशांत को संवाददाताओं ने जब बताया कि बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने उनके जद(यू) में शामिल होने पर शुभकामनाएं दी हैं, तो इस पर निशांत ने कहा, यह अच्छी बात है। मैं उसे स्वीकार करता हूं।

### मथुरा में नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म, मामला दर्ज

**मथुरा:** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में नौहझील थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों द्वारा नाबालिग लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करने की घटना सामने आई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने पीड़िता के परिजनों की तहरीर पर नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दायर कर जांच शुरू कर दी है। मांट क्षेत्र के पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार सिंह ने बताया कि यह घटना शुक्रवार शाम की है, जिसके बारे में पीड़िता ने परिजनों को शनिवार को जानकारी दी। इसके बाद उन्होंने रविवार को पुलिस में शिकायत दर्ज की। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव की लड़की अपने सात वर्षीय भाई के साथ जंगल की ओर गई थी। वहीं घात लगाकर बैठे दीपक नाम के लड़के ने उसे पकड़ लिया और खेत में घसीट ले गया। वहीं उसका दोस्त विकास भी आ गया। विरोध करने पर दोनों ने उसके पैर बांधकर उससे दुष्कर्म किया और किसी के आने की आहट सुन भाग गए। बाद में लड़की किसी प्रकार खुद को बंधन मुक्त कर घर पहुंची। दहशत के चलते उसने किसी को कुछ नहीं बताया। लेकिन अगले दिन उसे गुमसुम देख मां ने पूछा तो लड़की ने इस बारे में मां को बता दिया। पुलिस उपाधीक्षक सिंह ने बताया कि पीड़िता की ओर से मिली तहरीर पर दोनों नामजदों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता की चिकित्सकीय जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश जारी है।

### राजस्थान में विधेयक पारित, दो से अधिक संतान वाले भी लड़ सकेंगे पंचायती राज चुनाव

**जयपुर:** राजस्थान विधानसभा ने राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक-2026 सोमवार को पारित कर दिया जिससे अब राज्य में दो से अधिक संतान के माता-पिता भी पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव लड़ सकेंगे। सदन ने विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे पहले, विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राज्य में तत्कालीन परिस्थितियों के अनुसार राजस्थान पंचायती राज अधिनियम- 1994 की धारा 19 के तहत किसी व्यक्ति के दो से अधिक बच्चे होने पर उसकी पंचायती राज संस्थाओं का सदस्य बनने की पात्रता समाप्त करने का फैसला लिया गया था। उस समय तेज जनसंख्या वृद्धि दर को नियंत्रित करना मुख्य उद्देश्य था। दिलावर ने कहा कि महिलाओं में शिक्षा के प्रसार एवं समाज में आई जागरुकता के कारण आज जनसंख्या वृद्धि दर में उल्लेखनीय कमी आई है जिससे वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उक्त नियम अप्रासंगिक हो गया है। उन्होंने कहा कि संबंधित प्रावधान में संशोधन से जो योग्य व्यक्ति दो से अधिक बच्चे होने के कारण पंचायती राज संस्था का सदस्य नहीं बन सकते थे उन्हें अब चुनावों में भाग लेने का अवसर मिल सकेगा।

### उच्च न्यायालय ने राहुल गांधी की कथित दोहरी नागरिकता मामले पर केंद्र से रिकॉर्ड मांगा

**लखनऊ:** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से जुड़े कथित दोहरी नागरिकता से संबंधित मामले में सोमवार को केंद्र सरकार से रिकॉर्ड तलब किया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति राजीव सिंह ने मामले में सुनवाई की अगली तारीख 19 मार्च निर्धारित की।

समीक्षा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

10.03.2026 : शितला सप्तमी व्रत

14.03.2026: खरमास आरंभ

15.03.2026 : पापमोचिनी एकादशी व्रत

16.03.2026 : सोम प्रदोष व्रत

## 14 या 15 मार्च कब है पापमोचनी एकादशी ?

सभी एकादशी में पापमोचनी एकादशी को विशेष माना जाता है। इसके प्रभाव से साधक के पापों का नाश होता है और वह मोक्ष प्राप्त करता है। हिंदू धर्म में इस व्रत को विष्णु जी की कृपा पाने के लिए अत्यंत शुभ और पुण्यदायी माना जाता है। मान्यता है कि, चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि पर यह उपवास किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु और देवी लक्ष्मी की पूजा करने से व्यक्ति के दुखों का अंत होता है। साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि बढ़ने लगती हैं। वर्तमान में चैत्र महीना जारी है। ऐसे में पापमोचनी एकादशी कब मनाई जाएगी, आइए इसके बारे में जानते हैं।

### कब है पापमोचनी एकादशी 2026

एकादशी तिथि का प्रारंभ 14 मार्च को सुबह 8 बजकर 10 मिनट पर होगा।

इस तिथि का समापन 15 मार्च को सुबह में 9 बजकर 16 मिनट पर होगा।

उदया तिथि के अनुसार, पापमोचनी एकादशी का व्रत 15 मार्च को रखा जाएगा।

इस दिन श्रवण नक्षत्र और परिध योग का संयोग बना रहेगा।

16 मार्च को 9 बजकर 30 मिनट पर द्वादशी तिथि में व्रत का पारण किया जाएगा।



### पापमोचनी एकादशी पूजा विधि

❋ पापमोचनी एकादशी की पूजा के लिए एक साफ चौकी पर विष्णु की मूर्ति या चित्र स्थापित करें।

❋ अब प्रभु को पीले रंग के वस्त्र अर्पित करें और साथ ही फूलों की माला भी पहनाएं।

❋ इसके बाद चौकी के पास साफ कलश में जल भरकर तुलसी दल डालें।

❋ इस दौरान एक सिक्का, बताशा और सुपारी भी लोटे में डालें और इसे विष्णु जी के पास रख दें।

❋ अब आप घी का दीपक जलाएं और 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करें।

❋ इसके बाद 'ॐ विष्णवे नमः' मंत्र का स्मरण करते हुए पंचामृत का भोग लगाएं।

❋ इस दौरान गुड़ और चना भोग के रूप में अर्पित अवश्य करें। इससे सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

❋ अब आप विष्णु चालीसा का पाठ करें और आरती करते हुए पूजा का समापन करें।

## डोली में होगा माता का आगमन, प्रतिपदा तिथि का रहेगा क्षय और नौ दिन के होंगे नवरात्रि

नवरात्रि के नौ पवित्र दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती हैं। इस दौरान सभी भक्तजन श्रद्धा और भक्ति के साथ पूरे नौ दिनों तक व्रत रखते हैं और देवी से सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना करते हैं। आइए जानते हैं कि, चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ कब होने वाला है।

### चैत्र नवरात्रि 2026

इस साल चैत्र नवरात्रि व नव संवत्सर 19 मार्च से शुरू होगा। वहीं नवरात्रि का समापन 27 मार्च को होगा। नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा की पूजा-उपासना बड़ी ही श्रद्धा के साथ की जाती है। चैत्र मास की शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि 19 मार्च को सुबह 6 बजकर 52 मिनट पर शुरू होगी और तिथि का समापन 20 मार्च की सुबह 4 बजकर 52 मिनट पर होगा। इसलिए इस वर्ष चैत्र नवरात्रि की शुरुआत 19 मार्च को घटस्थापना के साथ होगी। इस दिन गुड़ी पड़वा के साथ हिंदू नववर्ष मनाया जाएगा। वहीं नवरात्रि का समापन 27 मार्च को होगा।

### विक्रम संवत 2083

हिंदू परंपरा में नव संवत्सर को नए आरंभ, नई ऊर्जा और नए संकल्प का प्रतीक माना जाता है। हर साल की तरह इस बार भी नया संवत्सर अपने साथ नई संभावनाएं और कुछ चुनौतियां लेकर आएगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विक्रम संवत 2083 का नाम 'रौद्र' संवत्सर है, जिसका प्रभाव साल भर देखने को मिलेगा। इस साल चैत्र नवरात्र कुछ खास ज्योतिषीय संयोग में शुरू होंगे। प्रतिपदा तिथि अमावस्या में मिलने के कारण पहली तिथि टूटने का योग बन रहा है, लेकिन इसके बावजूद नवरात्र पूरे नौ दिनों के ही रहेंगे। प्रतिपदा तिथि 19 को सूर्योदय के बाद प्रारंभ होगी और



अगले दिन 20 मार्च को सूर्योदय से पहले ही समाप्त हो जाएगी। शास्त्रों के अनुसार जिस दिन प्रतिपदा तिथि होती है, उसी दिन नवरात्र घटस्थापना करना श्रेष्ठ माना गया है।

### शुभ संयोग

नवरात्रि के पहले दिन उत्तराभाद्रपद नक्षत्र, शुक्ल योग का संयोग भी रहेगा। नवरात्रि के पहले दिन कलश स्थापना और घटस्थापना की जाती है। इस बार 19 मार्च को घटस्थापना का मुहूर्त सुबह 6 बजकर 52 मिनट से शुरू होकर सुबह 10 बजकर 16 मिनट तक रहेगा। यदि इस मुहूर्त में घट (कलश)स्थापना न कर पाएं तो घटस्थापना का मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त में भी रहेगा, जिसका मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 52 मिनट से लेकर 12 बजकर 41 मिनट तक रहेगा।

### कलश स्थापना का महत्व

धर्म शास्त्रों के अनुसार कलश (घट) को सुख-समृद्धि, वैभव और मंगल कामनाओं का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार ईशान कोण यानि उत्तर-पूर्व जल एवं ईश्वर का स्थान माना गया है और यहां सर्वाधिक सकारात्मक ऊर्जा रहती है। इसलिए पूजा करते समय माता की प्रतिमा या कलश की स्थापना इसी दिशा में करनी चाहिए। देवी पूजा-अनुष्ठान के दौरान मुख्य द्वार पर आम या अशोक के पत्तों की बंदनवार लगाने से घर में नकारात्मक शक्तियां प्रवेश नहीं करती हैं।

### देवी के नौ स्वरूप

चैत्र नवरात्रि के नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा की जाती है। पहले दिन मां शैलपुत्री, दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी, तीसरे दिन मां चंद्रघंटा, चौथे दिन मां कूष्मांडा, पांचवें दिन मां स्कंदमाता, छठे दिन मां कात्यायनी, सातवें दिन मां कालरात्रि, आठवें दिन मां महागौरी और नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। प्रत्येक स्वरूप का अपना विशेष महत्व है और भक्त इनकी पूजा करके अलग-अलग प्रकार के आशीर्वाद की कामना करते हैं। नवरात्रि के अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। इस दिन छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनका पूजन किया जाता है और उन्हें भोजन तथा उपहार दिए जाते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करती हैं।

### मां दुर्गा का वाहन

हर बार नवरात्र में देवी अलग-अलग वाहन पर आती हैं, और उस वाहन के हिसाब से अगले छह महीने की स्थिति का अनुमान लगाया जाता है। इस बार मां दुर्गा पालकी पर सवार होकर आएंगी। देवी भागवत में पालकी में माता के आगमन का फल ढोलायां मरणं धुवम् बताया गया है जो जन हानि रक्तपात होना बताता है। अर्थात पालकी (डोली) पर माता का आगमन शुभता का संकेत नहीं है। माता का डोली पर आगमन सामाजिक-राजनीतिक उथल-पुथल व महामारी का परिचायक माना गया है।

### कलश स्थापना कैसे करें

◆ नवरात्रि के प्रथम दिन प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में उठकर स्नान करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें।

◆ पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध कर चौकी पर लाल वस्त्र बिछाएं।

◆ इसके पश्चात मां दुर्गा की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें।

◆ अब एक मिट्टी के पात्र में स्वच्छ मिट्टी भरकर उसमें जौ बोएं।

◆ यह जौ समृद्धि और उन्नति का प्रतीक माना जाता है।

◆ फिर एक तांबे या मिट्टी के कलश में जल भरें और उसमें सुपारी, सिक्का तथा अक्षत डालें।

◆ कलश के मुख पर आम के पत्ते रखें और नारियल को लाल वस्त्र में लपेटकर स्थापित करें।

◆ इस कलश को देवी की चौकी के समीप स्थापित करें।

◆ इसके बाद अखंड ज्योति प्रज्वलित करें, जो पूरे नौ दिनों तक निरंतर जलती रहे।

◆ यदि अखंड ज्योति संभव न हो, तो प्रतिदिन पूजा के समय दीपक अवश्य जलाएं।

◆ पूजन के समय 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे' मंत्र का श्रद्धापूर्वक जप करें।

◆ दुर्गा सप्तशती का पाठ करें और अंत में आरती के साथ पूजा संपन्न करें।

## जन्म और मृत्यु

चन्द्र प्रभा सूद

इंसानी प्रवृत्ति है कि वह बहुत जल्दी सब कुछ भूल जाता है अथवा अनदेखा करता रहता हैं। समय बीतते-बीतते उसके घावों पर मलहम लग जाती है। वह भली-भाँति जानता है कि जन्म और मृत्यु के बीच की कड़ी है जीवन जिसे हम सब यत्नपूर्वक जीते हैं। परिश्रम करते हैं और अपनी सुख-सुविधा के सभी साधन जुटाते हैं।

कदम-कदम पर अपनी जीत के जश्न मनाते हुए हमारी प्रसन्नता का किसी प्रकार का कोई पारावार नहीं रहता। उस समय हम चाहते हैं कि सारी कायनात हमारी ही खुशी में शामिल हो जाए और जब हम दुखी हों, तबसारा ब्रह्माण्ड हमारे दुख में दुखी होता हुआ दिखाई दे।

दिन-दिन करके मनुष्य जन्म के बाद बचपन से जवानी की ओर बढ़ता है और फिर वृद्धावस्था की ओर कदम बढ़ाता है। तदुपरान्त मृत्यु उसका वरण कर लेती है। वह हर वर्ष अपने बन्धु-बान्धवों के साथ अपना जन्मदिवस मनाकर आनन्दित होता है पर वह भूल जाता है कि उसके जीवन का एक वर्ष और कम हो गया और मृत्यु तक पहुँचने की एक साल की दूरी उसने तय कर ली है। यह इस जीवन की सच्चाई है। हम सब लोग इस अटल सत्य से नजरे चुराते रहते हैं। हम बस यही सोचते हैं कि हम आयुप्राप्त हो रहे हैं तथा अधिक अनुभवी बनते जा रहे हैं।

महाराज भर्तृहरि ने श्वैराग्यशतकम्श् ग्रन्थ में जीवन के इस सत्य को बहुत ही सुन्दर शब्दों में उदाहरण सहित उद्घाटित किया है-

**व्याघ्रीव तिष्ठति जरापरितर्जयन्ति।**
**रोगाश्च शत्रव इव प्रहरन्ति देहम**
**आयुरू परिस्त्रवतिभिन्नघटादिवाम्भो।**
**लोकस्तथाप्यहितमाचरतीति चित्राम**

**अर्थात् बुढ़ापा बाघ की तरह गुर्राता** हुआ सामने खड़ा है, शत्रु की तरह रोग शरीर पर नित्य प्रहार करते हैं, छेदयुक्त घट की तरह आयु का नित्य क्षय हो रहा है लेकिन आश्चर्य है कि फिर भी लोग अहित आचरण कर रहे हैं।

इस श्लोक का कथन है कि वृद्धावस्था बाघ की तरह गुर्राते हुए, मुँह बाए हमारी ओर बढ़ रही है। हमें इस बाघ से इसलिए डर नहीं लगता क्योंकि वह सिर्फ गुर्रा रहा है, हमें खाने नहीं आ रहा। इसलिए उस बाघ को हम अनदेखा करके चैन की बाँसुरी बजाते हैं। उस समय अपने झूठे अहं के कारण हम यही सोचते हैं कि जब वह हमें खाने के लिए आएगा, तब हम उसे भी देख लेंगे।

ज्यों- ज्यों आयु बीत रही है और हम वृद्धावस्था की ओर जा रहे हैं, हमारा शरीर रोगों का घर बनता जा रहा है। वह अशक्त हो रहा है। जिस प्रकार घड़े में छेद हो जाने पर पानी बूँद-बूँद करके समाप्त होता रहता है, उसी प्रकार एक-एक दिन करके मनुष्य मृत्यु की ओर कदम बढ़ाता रहता है। फिर भी मृत्यु की गोद में समा जाने के भय को छोड़कर मनुष्य हर प्रकार के अच्छे-बुरे कर्मों को करने में व्यस्त रहते हैं। न उन्हें वृद्ध होने का भय होता है और न ही मृत्यु का डर। इसीलिए करणीय-अकरणीय कार्यों को करके वे प्रसन्नता का अनुभव करते हैं।

किसी की मृत्यु होने पर किसी मृत शरीर को देखकर क्षणिक वैराग्य मनुष्य के मन में आता है। कभी श्मशान घाट जाने पर संसार की असारता का ज्ञान मन में कुछ पल के लिए अवश्य आता है पर वह क्षणिक वैराग्य दूसरे ही पल संसार के आकर्षणों से आवेष्टित (ढक) जाता है। फिर आरम्भ हो जाते है वही दुनिया के सभी आडम्बर और ढकोसले। इस सबको लिखने का यह तात्पर्य कदापि नहीं कि मनुष्य दीन-दुनिया को भूलकर जंगलों में तप करने के नाम पर उसे छोड़ जाए यानी वह पलायनवादी बन जाए। दुनिया में रहते हुए, मनुष्य को सभी सुख-सुविधाओं का उपभोग करते हुए जल में कमल की तरह रहना चाहिए। (उर्वशी)

## नेशनल हेराल्ड मामला: सोनिया, राहुल के खिलाफ ईडी की याचिका पर 20 अप्रैल को होगी सुनवाई

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ दायर आरोपपत्र पर संज्ञान न लेने के निचली अदालत के फैसले के खिलाफ ईडी की याचिका को 20 अप्रैल को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि अदालत आज (सोमवार) सुनवाई नहीं कर सकती। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने मामले की सुनवाई के लिए कम समयावधि की कोई तारीख तय करने का अनुरोध किया।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में बहस के लिए 12 मार्च की तिथि निर्धारित

**सुलतानपुर (उप्र) :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दायर मानहानि के मामले में सांसद-विधायक अदालत में बहस के लिए 12 मार्च की तिथि निर्धारित की गयी है। इस मामले में वादी विजय मिश्रा के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि सोमवार को विशेष न्यायाधीश शुभम वर्मा ने मानहानि मामले में आगे की कार्यवाही के तहत बहस के लिये 12 मार्च की तिथि निर्धारित की है। पांडेय ने बताया कि मामला दायर करने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता विजय मिश्रा और दो गवाहों की जिरह पूरी हो चुकी है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने भी बताया कि न्यायालय में आगे बहस के लिए 12 मार्च की तिथि निर्धारित की गयी है।

## एअर इंडिया विमान हादसे की जांच रिपोर्ट जल्द ही सामने आएगी: के. राम मोहन नायडू

**नयी दिल्ली :** नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि पिछले साल जून में अहमदाबाद से लंदन-गैटविक जा रही एअर इंडिया की उड़ान एआई171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले की जांच तेजी से जारी है और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) की रिपोर्ट ''जल्द ही'' सामने आएगी। इस हादसे में विमान में सवार 241 लोगों सहित कुल 260 लोग मारे गए थे। नायडू ने प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के जवाब में बताया कि मंत्रालय एएआईबी को आवश्यक सभी संसाधन उपलब्ध करा रहा है और रिपोर्ट वर्ष के अंत तक जारी होने की संभावना है।

## केंद्र मां के साथ रूस गए बच्चे से उसके भारतीय पिता को मिलाने का प्रयास करे: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र सरकार से उस नाबालिग बच्चे का पता लगाने और उसे उसके भारतीय पिता से वर्चुअल माध्यम से मिलाने के प्रयास करने को कहा, जिसे उसकी मां रूस ले गई है। बच्चे की अभिरक्षा को लेकर रूसी महिला और उसके भारतीय पति के बीच अदालत में मुकदमा चल रहा है, इस बीच महिला बच्चे को अपने साथ लेकर मॉस्को चली गई। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि महिला और उसके बेटे के ठिकाने को गुप्त रखा जा सकता है और फिलहाल उन्हें भारत वापस लाने का कोई प्रयास न किया जाए। पीठ ने कहा कि नाबालिग बच्चे को उसके पिता से आभासी रूप से मिलाने के लिए राजनयिक प्रयास जारी रखे जाने चाहिए।

## महाराष्ट्र सरकार ने ओला, उबर और रैपिडो के बाइक टैक्सी लाइसेंस रद्द किए

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को ओला, उबर और रैपिडो के बाइक टैक्सी के लिए जारी अस्थायी लाइसेंस रद्द कर दिए। राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विधान परिषद में यह जानकारी दी। सरनाईक ने बताया कि इन कंपनियों ने निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक शर्तों और दस्तावेजों को पूरा नहीं किया था, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

# पश्चिम एशिया में संवाद से हो समाधान, अपने नागरिकों की सुरक्षा और राष्ट्रीय हित प्राथमिकता: जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पश्चिम एशिया संकट के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति की जरूरत पर जोर देते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि उस क्षेत्र में रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा तथा अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करना भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अमेरिका और इजराइल ने बीते 28 फरवरी को ईरान पर बड़ा सैन्य हमला किया था जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। अधिकारियों के अनुसार, युद्ध में अब तक ईरान में कम से कम 1,230 लोग, लेबनान में 397 और इज़राइल में 11 लोग



मारे गए हैं। संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया संघर्ष पर दिए अपने वक्तव्य में जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार पश्चिम एशियाई क्षेत्र के सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता बनाए रखने के पक्ष में है। उन्होंने एक ईरानी जहाज को भारतीय बंदरगाह पर खड़ा करने की अनुमति देने को मानवीय आधार पर लिया गया सही निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार इस क्षेत्र के हालात पर नजर रख रही है और संघर्ष क्षेत्र में फंसे 67,000 भारतीय नागरिकों को पहले ही वापस लाया जा चुका है। जयशंकर ने कहा कि भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और ऊर्जा सुरक्षा तथा व्यापार जैसे राष्ट्रीय हित सरकार के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता हैं। उन्होंने लोकसभा और राज्यसभा में दिए वक्तव्य में कहा, ''भारत शांति के पक्ष में है और बातचीत और कूटनीति का मार्ग अपनाने का आग्रह करता है। हम तनाव कम करने, संयम बरतने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पैरोकारी करते हैं।'' उनका कहना था, ''क्षेत्र में भारतीय समुदाय का कल्याण और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार सहित हमारे राष्ट्रीय हित हमेशा सर्वोपरि रहेंगे।'' दोनों सदनों में, जब जयशंकर वक्तव्य देने के लिए उठे तो विपक्ष ने जोरदार नारेबाजी की और मांग की कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर उनके वक्तव्य से पहले चर्चा होनी चाहिए। विपक्ष ने राज्यसभा से इस मुद्दे पर वॉकआउट किया, तो लोकसभा में हंगामा किया गया जिससे निचले सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी। विदेश मंत्री ने कहा कि सरकार ने 28 फरवरी को एक बयान जारी कर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की थी और सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव बढ़ाने से बचने और नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया था।

## गुजरात की सीमाओं पर पिछले दो साल में 42 करोड़ रुपये से अधिक की शराब जब्त की गई: सरकार

**अहमदाबाद :** गुजरात सरकार ने सोमवार को विधानसभा को सूचित किया कि पिछले दो वर्षों में मध्य प्रदेश और राजस्थान से लगने वाली गुजरात की सीमा चौकियों पर 42 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की शराब जब्त की गई। गुजरात एक 'शुष्क राज्य' है जहां शराबबंदी लागू है। कांग्रेस विधायक इमरान खेड़ावाला के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए गृह मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि 25 जनवरी को समाप्त हुए दो वर्षों की अवधि में 38.89 करोड़ रुपये मूल्य की 'भारत में निर्मित विदेशी शराब' (आईएमएफएल) की 10,49,855 बोतलें और 3.33 करोड़ रुपये मूल्य की बीयर की 1,59,265 बोतलें जब्त की गईं। सांघवी ने लिखित उत्तर में बताया कि ये जब्ती मध्य प्रदेश और राजस्थान से लगने वाली सीमा पर स्थित चौकियों पर की गई, जिनका इस्तेमाल अक्सर गुजरात में शराब की तस्करी के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि अब तक 1,018 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और 141 लोग फरार हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक गोपाल इटालिया के एक सवाल का जवाब देते हुए सांघवी ने कहा कि पिछले दो वर्षों में अहमदाबाद और वडोदरा जिलों में बिना परमिट के शराब का सेवन करते पाए गए लोगों के मामले में 32,000 से अधिक मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

## ऐप आधारित सेवाओं से टैक्सी संचालकों के नहीं जुड़ने से गोवा की छवि हो रही है खराब : मंत्री

**पणजी :** गोवा के परिवहन मंत्री मौविन गोडिन्हो ने सोमवार को ऐप-आधारित टैक्सी सेवाओं का विरोध करने पर पर्यटन टैक्सी लॉबी पर कड़ा हमला किया और कहा कि इससे तटीय राज्य की पर्यटन प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है



परिवहन मंत्री ने राज्य विधानसभा को बताया कि पर्यटक टैक्सी संचालक ऐप-आधारित सेवाओं से जुड़ने के लिए तैयार नहीं हैं, जिससे सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित हो रही हैं और पर्यटन उद्योग की छवि खराब हो रही है। उन्होंने कहा, ''हम सभी टैक्सी संचालकों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाना चाहते हैं। हमने उनकी इस मांग से भी सहमति जताई कि राज्य में ओला और उबर जैसी सेवाओं को अनुमति न दी जाए। टैक्सी संचालक राज्य में पहले से चल रही गोवा माइल्स और गोवा टैक्सी ऐप सेवाओं से खुद को जोड़ सकते हैं।'' इससे पहले, विपक्ष के नेता यूरी अलेमाओ ने सदन में यह मुद्दा उठाया। गोडिन्हो ने पूछा कि क्या गोवा एक अलग गणराज्य है कि टैक्सी संचालक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जुड़ने से इनकार कर सकते हैं? अलेमाओ ने कहा कि गोवा में 93 प्रतिशत टैक्सी संचालकों ने राज्य में 'टैक्सी एग्रीगेटर' के लिए तैयार किए गए दिशानिर्देशों के मसौदे पर आपत्ति जताई है। कांग्रेस नेता ने मांग की कि राज्य सरकार को जनता की भावनाओं का सम्मान करना चाहिए और दिशानिर्देशों के मसौदे को रद्द कर देना चाहिए।

## भारत और सेशेल्स के बीच नौ से 20 मार्च तक सैन्य अभ्यास : रक्षा मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अंगों की एक टुकड़ी 9 से 20 मार्च तक सेशेल्स की सेनाओं के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास में भाग ले रही है, जिसका उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच तालमेल को बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह अभ्यास लामितिये सेशेल्स रक्षा अकादमी में आयोजित किया जा रहा है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''भारतीय सशस्त्र बलों के तीनों अंगों (थल-सेना, वायुसेना और नौसेना) की भागीदारी के साथ यह संस्करण एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सैन्य टुकड़ी में असम रेजिमेंट के जवान, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना के



जवान शामिल हैं, जिनमें 'आईएनएस त्रिकंद' और एक सी-130 विमान भी शामिल है।'' भारतीय टुकड़ी सेशेल्स रक्षा बलों (एसडीएफ) के साथ संयुक्त अभ्यास के 11वें संस्करण में भाग लेने के लिए सेशेल्स पहुंच चुकी है। क्रेओल भाषा में 'लामितिये' शब्द का अर्थ 'मित्रता' होता है। लामितिये अभ्यास एक द्विवार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है और 2001 से सेशेल्स में आयोजित किया जा रहा है।

## सरकार पश्चिम एशिया मामले पर चर्चा नहीं चाहती: राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि सरकार संसद में पश्चिम एशिया मामले पर चर्चा नहीं करना चाहती क्योंकि यह बात सामने आएगी कि ''प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी को ब्लैकमेल किया जा रहा है और वह 'कम्प्रोमाइज्ड' हो चुके हैं।'' राहुल गांधी ने यह दावा भी किया, ''आपने देखा कि प्रधानमंत्री संसद से भाग गए हैं। अब वह सदन के अंदर नहीं आ पाएंगे।'' राहुल गांधी ने कहा, ''पश्चिम एशिया में आमूलचूल परिवर्तन करने की लड़ाई चल रही है, जिससे भारत की अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान होने वाला है। पश्चिम एशिया एक जरूरी मुद्दा है, क्योंकि उसका असर ईंधन की कीमत और भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।'' उनका कहना था, ''वहीं, नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका से व्यापार समझौता कर लिया है और हमने स्टॉक बाजार का हाल देख लिया है। इस समझौते से देश की अर्थव्यवस्था को बहुत नुकसान होने वाला है।'' कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने पश्चिम एशिया संकट से जुड़े विषय पर लोकसभा में चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित करनी पड़ी।

## लोकसभा में अध्यक्ष बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब दे सकते हैं अमित शाह

**नयी दिल्ली :** विपक्षी सदस्यों द्वारा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर सदन में होने वाली चर्चा का जवाब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दे सकते हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया है कि अध्यक्ष बिरला ने सदन की कार्यवाही चलाते समय ''पक्षपातपूर्ण'' तरीके से काम किया। सदन में मंगलवार को होने वाली चर्चा के दौरान अन्य वक्ताओं के अलावा सरकार की ओर से संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू भी हिस्सा ले सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि प्रस्ताव पर चर्चा के अंत में गृह मंत्री शाह के जवाब देने की संभावना है। अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा सोमवार को होनी थी, लेकिन पश्चिम एशिया के हालात पर सदन में चर्चा कराने की विपक्ष की मांग को लेकर हंगामे के कारण कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित करनी पड़ी और चर्चा नहीं हो सकी। सूत्रों ने कहा कि सरकार बिरला के खिलाफ लाए गए प्रस्ताव पर जल्द से जल्द चर्चा कराना चाहती है। बजट सत्र के पहले चरण में 118 विपक्षी सांसदों के हस्ताक्षर के साथ बिरला को पद से हटाए जाने के लिए नोटिस दिए जाने के बाद से वह सदन की कार्यवाही का संचालन नहीं कर रहे हैं। यह प्रस्ताव कांग्रेस के तीन सदस्य - - मोहम्मद जावेद, के सुरेश और मल्लू रवि पेश करेंगे। ऐसे प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान संविधान अध्यक्ष को सदन में मौजूद रहने की इजाजत देता है। वह अपना बचाव कर सकते हैं और प्रस्ताव पर मतदान कर सकते हैं, लेकिन जब मामले पर चर्चा हो रही हो तो आसन से कार्यवाही का संचालन नहीं कर सकते।

## जनधन खातों में न्यूनतम राशि न रखने पर दंडात्मक शुल्क नहीं: वित्त मंत्री

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना सहित लगभग 72 करोड़ बुनियादी बचत बैंक जमा खातों (बीएसबीडीए) पर न्यूनतम शेष राशि न रखने पर कोई दंडात्मक शुल्क नहीं लगेगा। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में उन्होंने कहा कि बैंक बुनियादी बचत बैंक जमा खातों (बीएसबीडीए) में शून्य-शेष बचत खाते की सुविधा प्रदान करते हैं ताकि विशेष रूप से कमजोर और छोटे जमाकर्ताओं के लिए बैंकिंग सुविधाओं तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित की जा सके और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया जा सके। बीएसबीडीए में प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत



खोले गए खाते भी शामिल हैं। इन खातों में कोई भी न्यूनतम शेष राशि रखने की आवश्यकता नहीं होती है और खाताधारकों को जमा, निकासी और एटीएम की सुविधा जैसी बुनियादी बैंकिंग सेवाएं बिना किसी दंडात्मक शुल्क के निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। सीतारमण ने कहा, ''प्रधानमंत्री जनधन योजना खातों सहित लगभग 72 करोड़ बीएसबीडीए खाते न्यूनतम शेष राशि बनाए न रखने के लिए किसी दंडात्मक शुल्क के अधीन नहीं हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल के नेताओं रबी लामिछाने और बालेंद्र शाह से बात की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के नेताओं रबी लामिछाने तथा बालेंद्र शाह से बात की और उन्हें चुनाव में जीत के लिए बधाई दी। उन्होंने दोनों देशों की पारस्परिक समृद्धि, प्रगति और खुशहाली के लिए उनके साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता व्यक्त की। नेपाल के दोनों नेताओं के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि संयुक्त प्रयासों से भारत-नेपाल संबंध आने वाले वर्षों में नयी ऊंचाइयों को छुएंगे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी



(आरएसपी) के अध्यक्ष रबी लामिछाने और आरएसपी के वरिष्ठ नेता बालेंद्र शाह के साथ फोन पर सौहार्दपूर्ण बातचीत हुई।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने दोनों नेताओं को उनकी चुनावी जीत और नेपाल चुनाव में आरएसपी की शानदार सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा, ''मैंने उनकी आगामी नयी सरकार के लिए शुभकामनाएं व्यक्त कीं और दोनों देशों की पारस्परिक समृद्धि, प्रगति एवं कल्याण के लिए उनके साथ काम करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया।'' नेपाल की प्रतिनिधि सभा में कुल 275 सीट हैं। इनमें से 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान प्रणाली के माध्यम से चुने जाते हैं, जबकि 110 सदस्य आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली के माध्यम से चुने जाते हैं। आम चुनाव में प्रत्यक्ष मतदान के तहत अब तक नेपाल की 165 सीट में से 161 सीट के नतीजे घोषित किए जा चुके हैं। शेष चार सीट के नतीजे जल्द ही घोषित होने की उम्मीद है।

## मणिकर्णिका घाट एएसआई के अंतर्गत संरक्षित नहीं, कार्य का उद्देश्य इसकी मजबूती बहाल करना: केंद्र

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को लोकसभा को बताया कि वाराणसी में मणिकर्णिका घाट भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अंतर्गत ''संरक्षित स्मारक नहीं है'' और इस प्राचीन घाट पर जारी कार्य इसकी मजबूती ''बहाल करने'' के उद्देश्य से शुरू की गई परियोजना है। संसद के निचले सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने घाट पर जारी कार्य को ''पुनर्स्थापन और संरक्षण परियोजना'' बताया। हाल में, वाराणसी में ऐतिहासिक घाट पर जारी पुनर्निर्माण कार्य को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। कई राजनीतिक दलों ने आरोप लगाया था कि निर्माण कार्य के कारण पत्थर से बने घाट के ऐतिहासिक स्वरूप को नुकसान पहुंचा है।

## इंडिगो की मैनचेस्टर उड़ान हवाई क्षेत्र संबंधी पाबंदियों पर दिल्ली लौटी, लंदन-मुंबई उड़ान काहिरा भेजी

**नयी दिल्ली :** इंडिगो की मैनचेस्टर जाने वाली एक उड़ान सोमवार को इरिट्रिया के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने पर लगे कुछ प्रतिबंधों के कारण दिल्ली लौट आई। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह उड़ान लीज पर लिये गए बोइंग 787 विमान से संचालित हो रही थी। उन्होंने बताया कि लंदन के हीथ्रो से मुंबई जा रही इंडिगो की एक अन्य उड़ान को इरिट्रिया के हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से संबंधित समस्याओं के कारण मार्ग में परिवर्तन करके काहिरा की ओर मोड़ दिया गया। मैनचेस्टर जाने वाली फ्लाइट छह घंटे से अधिक समय तक हवा में रही, जिसके बाद इसे लौटने का फैसला लिया गया। राजधानी में उतरने तक फ्लाइट 12 घंटे से अधिक समय तक हवा में थी। उड़ान की जानकारी देने वाली वेबसाइट फ्लाइटराडार24 डॉट कॉम के अनुसार, यह उड़ान रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब 12.40 बजे दिल्ली से रवाना हुई और



अपराह्न करीब 2.30 बजे लौटकर राजधानी में सकुशल उतर गई। विमानन कंपनी इंडिगो ने एक बयान में कहा, ''पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति के कारण अंतिम समय में हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से दिल्ली से मैनचेस्टर जाने वाली हमारी उड़ान 6ई033 को अपने मूल स्थान पर लौटना पड़ा। हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर यात्रा फिर से शुरू करने की संभावनाओं का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।''

## वर्ष 2025-26 में पानी के 1.61 लाख से अधिक नमूने दूषित पाये गए : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि वर्ष 2025-26 में देशभर में जल के करीब 64 लाख नमूनों की जांच की गयी जिनमें 1.61 लाख नमूने दूषित पाये गए। जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा कि पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं में वर्ष 2023-24 के दौरान 59 लाख से अधिक नमूने और 2024-25 के दौरान 82 लाख से अधिक नमूनों की जांच की गई। उन्होंने बताया गया कि 2025-2026 में प्रयोगशालाओं में जांच किये गए नमूनों की संख्या 63.96 लाख थी, जिनमें से 1.61 लाख नमूने दूषित पाये गए। उन्होंने कहा, ''दो मार्च 2026 तक, 2025-26 के दौरान राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों ने पेयजल गुणवत्ता परीक्षण प्रयोगशालाओं में 63 लाख से अधिक नमूनों की जांच रिपोर्ट दी है।''

## न्यायाधिकरणों के सदस्यों का कार्यकाल बढ़ाने के प्रस्ताव को न्यायालय की मंजूरी, केंद्र लाएगा विधेयक

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्र सरकार के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें देश के विभिन्न न्यायाधिकरणों के वैसे अध्यक्षों और सदस्यों का कार्यकाल आठ सितंबर तक बढ़ाने की बात कही गई है, जो जल्द सेवानिवृत्त होने वाले हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह प्रस्ताव उस वक्त मंजूर कर लिया जब एटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने उसे अवगत कराया कि केंद्र न्यायाधिकरणों के कामकाज और उनके सदस्यों की नियुक्ति से संबंधित एक नया विधेयक लाने पर विचार कर रहा है और यह विधेयक संसद के मौजूदा बजट सत्र या मानसून सत्र में लाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि इस विषय पर सरकार के विभिन्न स्तरों पर अभी विचार-विमर्श चल रहा है, इसलिए न्यायाधिकरणों के कामकाज में किसी तरह की परेशानी या भ्रम न हो, इस कारण जो सदस्य इस बीच सेवानिवृत्त होने वाले हैं, उनके कार्यकाल को इस वर्ष आठ सितंबर तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

## कुनो नेशनल पार्क में चीता ने पांच शावकों को जन्म दिया, देश में चीतों की संख्या 53 हुई: भूपेंद्र यादव

**नयी दिल्ली :** मध्यप्रदेश के कुनो नेशनल पार्क में नामीबियाई चीता 'ज्वाला' ने सोमवार को पांच शावकों को जन्म दिया, जिससे देश में चीतों की कुल आबादी 53 हो गई है। यह जानकारी केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दी। कुछ दिन पहले ही चीता 'गामिनी' ने इसी पार्क में चार बच्चों को जन्म दिया था। यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह प्रोजेक्ट चीता के लिए गौरव का क्षण है क्योंकि नामीबियाई चीता 'ज्वाला' तीसरी बार मां बनी। उसने आज कुनो नेशनल पार्क में पांच शावकों को जन्म दिया। इसके साथ, भारत में जन्मे शावकों की संख्या 33 हो गई है। यह भारत की चीता संरक्षण यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।'' पर्यावरण मंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि पशु चिकित्सकों, क्षेत्रीय कर्मियों और इसमें शामिल सभी लोगों की समर्पित कोशिशों, हुनर और प्रतिबद्धता को दिखाती है।

## दिल्ली दंगों के मामले में शरजील को 10 दिन की अंतरिम जमानत, सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर रोक

**नयी दिल्ली :** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में आरोपी शरजील इमाम को पारिवारिक समारोह में शामिल होने के लिए कई शर्तों के साथ 10 दिन की अंतरिम जमानत दे दी। इमाम को अपने मित्रों, रिश्तेदारों या परिवार के सदस्यों के अलावा किसी से भी नहीं मिलने और याचिका में उल्लिखित स्थानों के अलावा किसी अन्य स्थान पर नहीं जाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा उसे सोशल मीडिया का उपयोग करने से भी प्रतिबंधित किया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी इमाम की ओर से दायर अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें दंगों के आरोपी ने इस महीने अपने भाई के विवाह समारोह में शामिल होने और ईद के त्योहार के दौरान परिवार के साथ समय बिताने के लिए छह सप्ताह की राहत मांगी थी। न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा, ''वकील द्वारा बताए गए और अभियोजन पक्ष द्वारा सत्यापित तथ्यों पर विचार करते हुए, न्यायालय आवेदक (इमाम) को वांछित राहत प्रदान करना उचित समझता है।''

## लोजपा सदस्य चाहते हैं चिराग बनें बिहार के अगले मुख्यमंत्री : अरुण भारती

**नयी दिल्ली :** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसद अरुण भारती ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी के सदस्य केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को बिहार का अगला मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं, और मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम निर्णय राजग के वरिष्ठ नेता करेंगे। बिहार की राजधानी पटना में पासवान को मुख्यमंत्री बनाने की मांग वाले पोस्टरों के बारे में पूछे जाने पर भारती ने कहा कि यह लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के सदस्यों की इच्छा है। भारती ने कहा, ''लोगों की यह इच्छा है... लेकिन यह हमारा निजी विचार है। राजग के वरिष्ठ नेता तय करेंगे कि अगला मुख्यमंत्री कौन होगा।''

## जल जीवन मिशन के तहत 12.58 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन मिले : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा को बताया कि जल जीवन मिशन के तहत अब तक 12.58 करोड़ से अधिक अतिरिक्त ग्रामीण परिवारों को 'नल से जल कनेक्शन' उपलब्ध कराए गए हैं। जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन शुरू होने के बाद ग्रामीण घरों में नल से पानी की उपलब्धता बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने बताया कि मिशन की शुरुआत के समय केवल 3.23 करोड़ (16.7 प्रतिशत) ग्रामीण परिवारों के पास नल से पानी का कनेक्शन था। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की ओर से 3 मार्च 2026 तक दी गई जानकारी के अनुसार, जल जीवन मिशन के तहत अब तक 12.58 करोड़ से अधिक अतिरिक्त ग्रामीण परिवारों को नल से जल कनेक्शन दिया जा चुका है। इसके साथ ही देश के लगभग 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से करीब 15.82 करोड़ (81.71 प्रतिशत) परिवारों के घरों तक नल के माध्यम से जल आपूर्ति पहुंच चुकी है।

# सूर्यकुमार यादव का टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ अडालज बावड़ी में फोटोशूट हुआ



## जब तक मैं हूं तब तक भारतीय क्रिकेट में निजी उपलब्धियों का जश्न नहीं मनाया जाएगा: गंभीर

गौतम गंभीर इस एक बात को कहते हुए कभी नहीं थकते। असल में वह इसे हर मौके पर उन लोगों के लिए दोहराते हैं जिन्होंने इस पर ध्यान नहीं दिया है और वह यह है कि मुख्य कोच के तौर पर उनके कार्यकाल में निजी उपलब्धियों का जश्न नहीं मनाया जाएगा। इस सिद्धांत की सबसे नवीनतम झलक तब दिखी जब भारत ने रविवार को यहां फाइनल में बेजोड़ प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर अपना तीसरा टी20 विश्व कप खिताब जीता। आईसीसी के वैश्विक फाइनल में दो बार अपनी टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे गंभीर ने जोर देते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि सूर्या (भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव) के साथ मेरा सामान्य सा फलसफा हमेशा से यही रहा है कि उपलब्धियां मायने नहीं रखती। ट्रॉफी मायने रखती हैं। भारतीय क्रिकेट में बहुत लंबे समय से हम उपलब्धियों के बारे में बात करते आ रहे हैं। और मुझे उम्मीद है कि जब तक मैं हूं हम उपलब्धियों के बारे में बात नहीं करेंगे।'

**अहमदाबाद:** भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव के सोमवार को अडालज बावड़ी में विशेष फोटोशूट के लिए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ट्रॉफी के साथ पहुंचते ही उत्सव जैसा माहौल बन गया। इस ऐतिहासिक स्मारक परिसर और आसपास की सड़कों पर बड़ी संख्या में प्रशंसकों की भीड़ उमड़ पड़ी। कई प्रशंसक सूर्यकुमार की एक झलक पाने के लिए आसपास की दीवारों और छतों पर भी चढ़ गए। जैसे ही कप्तान ट्रॉफी के साथ पहुंचे, प्रशंसकों ने 'इंडिया इंडिया' के नारों से माहौल को और भी जोशीला बना दिया। भारत ने रविवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप खिताब को अपने नाम किया। अधिकारियों ने बताया कि अडालत बावड़ी का यह दौरा भारतीय कप्तान और विश्व कप ट्रॉफी के साथ आयोजित एक प्रमोशनल फोटोशूट का हिस्सा था। इससे पहले भी इस ऐतिहासिक स्मारक पर इसी तरह के फोटोशूट आयोजित किए जा चुके हैं।

## गौतम भाई दो कदम बढ़े और दो कदम मैंने उठाए और बीच का रास्ता निकाला: सूर्यकुमार

राहुल द्रविड़ के भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के तौर पर अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद तत्कालीन कप्तान रोहित शर्मा ने बताया था कि कैसे उनकी पत्नी इस दिग्गज को 'मैदान पर उनकी पत्नी' मानती थी। जब कोई उनके टी20 उत्तराधिकारी सूर्यकुमार यादव को मौजूदा मुख्य कोच गौतम गंभीर के बारे में बात करते हुए देखता है तो यह समीकरण उतना ही सहज और आपसी भरोसे तथा सम्मान पर बना हुआ लगता है जितना रोहित और द्रविड़ के बीच था। जब सूर्यकुमार से गंभीर के साथ उनके रिश्ते के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि मैंने गौतम भाई के साथ चार साल (कोलकाता नाइट राइडर्स में) क्रिकेट खेला है और मुझे पता था कि वह कैसे सोचते हैं। वह दो कदम उठाएंगे, मैं दो कदम उठाऊंगा और हम बीच में कहीं मिलेंगे।'

## गंभीर ने द्रविड़ और लक्ष्मण को दिया श्रेय

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने टीम के तीसरे टी20 विश्व कप खिताब को अपने पूर्ववर्ती राहुल द्रविड़ और बीसीसीआई के सेंटर ऑफी एक्सीलेंस (सीओई) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण को समर्पित किया और राष्ट्रीय टीम को तैयार करने में उनकी भूमिका को स्वीकार किया। गंभीर ने कहा कि वह आईसीसी चेयरमैन जय शाह के भी बहुत शुक्रगुजार हैं जिन्होंने मुश्किल समय में उनका समर्थन किया।

## आपकी मुस्कान अच्छी लगती है, धोनी ने भारत की खिताबी जीत के बाद गंभीर को कहा

**अहमदाबाद:** भारत की इतिहास रचने वाली टी20 विश्व कप जीत ने लगभग दो साल बाद महान क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को सोशल मीडिया पर फिर से सक्रिय कर दिया और उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य कोच गौतम गंभीर को बताया कि उनके गंभीर चेहरे पर मुस्कान कितनी अच्छी लगती है। धोनी ने इंस्टाग्राम पर पिछला पोस्ट 2024 में किया था। उन्होंने यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल देखने के बाद पोस्ट किया, ' 'अहमदाबाद में इतिहास बना, टीम और सहयोगी स्टाफ तथा दुनिया भर में भारतीय क्रिकेट टीम के सभी प्रशंसकों को बहुत-बहुत बधाई। आप सभी को खेलते हुए देखकर बहुत खुशी हुई।'

# असफलताओं के बाद टी20 विश्व कप में नयी योजना के साथ उतरा था: सैमसन



**तिरुवनंतपुरम:** भारत को टी20 विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले स्टार बल्लेबाज संजू सैमसन ने सोमवार को कहा कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में एक अलग योजना के साथ उतरने का फैसला किया था जिससे उन्हें अपनी खोई हुई फॉर्म वापस पाने में मदद मिली। भारत की विश्व कप जीत के बाद तिरुवनंतपुरम लौटने पर सैमसन का हवाईअड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान केरल के शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी ने उनका स्वागत किया। हवाईअड्डे के बाहर सैकड़ों क्रिकेट प्रशंसक जुटे और केरल के इस क्रिकेटर के समर्थन में नारे लगाए। सैमसन ने इस मौके पर पत्रकारों से कहा कि वह पहले हर गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश करते थे। उन्होंने कहा, मैं हर गेंद को मारने की कोशिश करता था, लेकिन यह काम नहीं आया। फिर मुझे अपनी असफलताओं से सीखना पड़ा। पांच मैचों की श्रृंखला में मैंने स्ट्राइक रेट बढ़ाने की कोशिश की, लेकिन वह भी सफल नहीं रही। इसके बाद मैंने विश्व कप के लिए एक अलग 'गेम प्लान' के साथ तैयारी की। सैमसन ने मैच के बाद कहा था कि खराब दौर से निकलने में महान सचिन तेंदुलकर ने उनकी मदद की। इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हम संपर्क में थे क्योंकि मैं पिछले कुछ वर्षों से उन्हें संदेश भेजता रहा था। आईपीएल के दौरान मुलाकात होने पर भी हमारी बात होती थी। सैमसन ने बताया कि जब वह खराब फॉर्म से जूझ रहे थे, तब सलाह के लिए उनके दिमाग में सबसे पहला नाम तेंदुलकर का ही आया। उन्होंने कहा, जब मैंने उनसे संपर्क किया तो उन्होंने मुझसे दिल से बात की। करीब 25 मिनट तक उन्होंने अपने करियर के अनुभव बताए कि कठिन समय में क्या सोचना चाहिए, अभ्यास कैसे करना चाहिए और परिस्थितियों से कैसे निपटना चाहिए। इससे मुझे सच में मदद मिली।

## एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर: स्कॉटलैंड ने भारत को 2-2 की बराबरी पर रोका

**हैदराबाद:** भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर के पूल बी के अपने दूसरे मैच में सोमवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-2 से ड्रॉ खेला। इस परिणाम के साथ भारत और स्कॉटलैंड दोनों के नाम चार-चार अंक हो गए हैं। भारत हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण पूल तालिका में शीर्ष पर है। जी.एम.सी. बालायोगी हॉकी मैदान पर खेले गए मैच में नवनीत कौर (18वें मिनट) और सुनेलिता टोप्पो (29वें मिनट) ने भारत के लिए गोल किए, जबकि हीथर मैकएवान (छठे मिनट) और फियोना बर्नेट (33वें मिनट) ने स्कॉटलैंड के लिए गोल दागे। मैच की शुरुआत में दोनों टीमों ने धैर्यपूर्वक पासिंग गेम खेलने की कोशिश की, लेकिन इस दौरान स्कॉटलैंड के खिलाड़ियों ने बेहतर तालमेल दिखाया।

## आईसीसी की 2026 टी20 विश्व कप की टीम में चार भारतीय को मिली जगह



**नयी दिल्ली:** रिकॉर्ड तीसरी बार टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ी जसप्रीत बुमराह, संजू सैमसन, ईशान किशन और हार्दिक पांड्या को आईसीसी की 2026 टी20 विश्व कप टीम में शामिल किया गया है। 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' सैमसन ने पांच पारियों में 321 रन बनाकर टीम में शामिल भारतीय चौकड़ी का नेतृत्व किया। सैमसन ने टूर्नामेंट की शुरुआत में भारतीय एकादश से बाहर रहकर की थी, लेकिन वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ टीम के लिए 'करो या मरो' जैसे मैचों में उन्होंने शानदार बल्लेबाजी से 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार हासिल किया। सैमसन ने इसके बाद रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ 89 रन की पारी खेली, जो पुरुष टी20 विश्व कप फाइनल में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है। किशन टूर्नामेंट में 317 रन के साथ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में चौथे स्थान पर रहे। किशन ने पाकिस्तान के खिलाफ पारी का आगाज करते हुए 77 रन बनाए। उन्होंने सुपर आठ चरण से तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए सेमीफाइनल में इंग्लैंड और फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतकीय पारियां खेलीं। पांड्या इस सूची में शामिल होने वाले तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। इस हरफनमौला खिलाड़ी को बल्ले और गेंद दोनों से उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया है। उन्होंने बल्ले से दो अर्धशतक बनाए, जिनमें नामीबिया के खिलाफ 28 गेंदों में 52 रन की पारी भी शामिल है। उन्होंने इसके अलावा नौ विकेट भी लिए हैं। बुमराह टीम में शामिल चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्हें फाइनल में उनके शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। बुमराह टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उन्होंने आठ मैचों में 14 विकेट लिए। फाइनल में उन्होंने 15 रन देकर चार विकेट लिए और पूरे टूर्नामेंट में उनकी इकॉनमी 6.21 रही।

# विश्व कप जीतना व्यक्तिगत वादा पूरा करना है : हार्दिक पंड्या



**नयी दिल्ली:** भारत के दिग्गज ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने कहा कि लगातार दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीतना उनके लिए एक व्यक्तिगत वादा पूरा होने जैसा है और यह टीम की सफलता की बस शुरूआत है। पंड्या ने दो अर्धशतक लगाए और जरूरत पड़ने पर जबरदस्त स्पैल डाले और टूर्नामेंट में कुल नौ विकेट झटके। पंड्या ने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, 'बारबाडोस में जीत (2024 के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ) के बाद मैंने खुद से वादा किया था कि मैं जिस भी टूर्नामेंट में खेलूंगा, जीतने के लिए खेलूंगा और ट्रॉफी उठाऊंगा। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ यह जीत इस बात का सबूत है कि मैंने खुद से जो वादा किया, वो सच हो गया है। और यह तो बस शुरुआत है।' बत्तीस साल के पंड्या उन चार भारतीय खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्हें आईसीसी की 2026 टी20 विश्व कप की टीम में शामिल किया गया है। पंड्या ने अमेरिका में 2024 विश्व कप से पहले खुद की मुश्किलों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा, 'जब हमने 2024 में टी20 विश्व कप जीता तो मुझे व्यक्तिगत तौर पर बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। उस टूर्नामेंट से पहले बहुत कुछ हुआ था और चीजें मेरे हिसाब से नहीं हो रही थीं। 2024 विश्व कप शुरू होने से पहले मैंने मन बना लिया था कि मैं वापसी करूंगा।'



## दुनिया में बढ़ रहे तनाव को देखकर घबराएं नहीं, भारत की बुनियाद मजबूत: सेबी चेयरमैन



**मुंबई:** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को निवेशकों से धैर्य रखने की अपील करते हुए कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की घरेलू आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वित्तीय बाजारों में बढ़ी अस्थिरता के बीच उन्होंने यह बात कही। पांडेय ने एनएसई में निफ्टी-50 के 30 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, 'इस कठिन समय में घबराना नहीं, बल्कि धैर्य बनाए रखना जरूरी है। लंबी अवधि में निफ्टी ने हमेशा भारत की वृद्धि गाथा की मजबूती को दर्शाया है।'' उन्होंने बताया कि वर्तमान में भारतीय बाजार अत्यधिक अस्थिरता का सामना कर रहे हैं, क्योंकि पश्चिम एशिया के युद्ध ने समुद्री व्यापारिक मार्गों को बाधित किया है और तेल व गैस की आपूर्ति पर बुरा असर डाला है, जिससे भारतीय बाजारों में भी अत्यधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। पांडेय ने कहा, दुनिया के बाकी हिस्सों की तरह, भारत भी इन घटनाओं से प्रभावित हुआ है। हालांकि, सेबी चेयरमैन ने यह भी कहा कि भारत की मजबूत आर्थिक बुनियाद ने पहले भी कई वैश्विक झटकों का सामना किया है और आज भी घरेलू बाजारों में स्थिरता बनाए रखने में मदद कर रही है।

## मीशो को आयकर विभाग से मिला 1,500 करोड़ रुपये का मांग नोटिस




**नयी दिल्ली:** ई-कॉमर्स कंपनी मीशो को आयकर विभाग से लगभग 1,500 करोड़ रुपये की कर मांग का नोटिस मिला है। कंपनी ने इस नोटिस को चुनौती देने का निर्णय लिया है। मीशो ने शेयर बाजार को दी एक सूचना में कहा कि उसे छह मार्च को आकलन वर्ष 2023-24 के लिए आयकर विभाग से यह नोटिस मिला। इसमें विभाग की आकलन इकाई ने ब्याज सहित कुल 1,499.73 करोड़ रुपये की कर मांग रखी है। नियामकीय सूचना के मुताबिक, यह कर मांग कंपनी द्वारा घोषित आय में कुछ बढ़ोतरी और समायोजन को आधार बनाते हुए जारी किया गया है। मीशो ने कहा कि वह इस आकलन आदेश की समीक्षा कर रही है और उसमें की गई टिप्पणियों और समायोजनों से सहमत नहीं है। कंपनी ने कहा, हमारा मानना है कि कंपनी के पास इसे चुनौती देने के लिए पर्याप्त कानूनी एवं तथ्यात्मक आधार हैं और अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं। कंपनी ने बताया कि आकलन वर्ष 2022-23 के लिए भी इसी तरह की कर मांग रखी गई थी। उस मामले में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने 17 अप्रैल, 2025 को अंतरिम स्थगन दे दिया था और मामला अभी लंबित है।

# शिक्षा को अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों से जोड़ने की प्रक्रिया तेज करनी होगी: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को देश की शिक्षा व्यवस्था को अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों से जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करने का आह्वान करते हुए कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) और स्वचालन जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देना होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने वित्त वर्ष 2026-27 के बजट पर आयोजित एक वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना उनकी सरकार का मूल उद्देश्य है और शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल एवं संस्कृति जैसे क्षेत्र इसे साकार करने के महत्वपूर्ण माध्यम हैं। उन्होंने कहा, लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना केवल एक विषय नहीं है, बल्कि यह इस सरकार का प्रमुख उद्देश्य एवं संकल्प है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) बाजार की मांग और वास्तविक अर्थव्यवस्था के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने की मजबूत आधारशिला प्रदान करती है, खासकर एआई, स्वचालन और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में। हमें शिक्षा व्यवस्था को अर्थव्यवस्था की वास्तविक जरूरतों से जोड़ने की प्रक्रिया को और तेज करना होगा।'' उन्होंने शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के बीच संबंध का उल्लेख करते हुए एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, गेमिंग एवं कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र को बढ़ावा देने की भी जरूरत पर बल दिया। भारत के नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था की तरफ कदम बढ़ाने का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने शैक्षणिक संस्थानों से अपने परिसरों को उद्योग सहयोग और शोध आधारित शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करने का आह्वान किया, ताकि छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव मिल सके। उन्होंने कहा कि इस वेबिनार में परिसरों को उद्योग सहयोग और शोध आधारित शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करने पर मंथन होना चाहिए। प्रधानमंत्री ने युवा शोधकर्ताओं को नवाचार और प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करने वाली एक मजबूत शोध पारिस्थितिकी तैयार करने की जरूरत पर जोर देते हुए कहा, 'ऐसा वातावरण तैयार किया जाना चाहिए, जहां युवा शोधकर्ताओं को नए विचारों पर काम करने और प्रयोग करने का पूरा अवसर मिल सके।' मोदी ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम) क्षेत्रों के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'इन क्षेत्रों में देश की बेटियों की बढ़ती रुचि उत्साहजनक है। आज जब हम भविष्य की प्रौद्योगिकियों की बात करते हैं तो यह महत्वपूर्ण है कि अवसरों की कमी के कारण कोई भी बेटी पीछे न रह जाए।' उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में देश के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत किया गया है और आयुष्मान भारत योजना एवं आरोग्य केंद्रों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है।

## सरकार ने अदला-बदली नीलामी में 6,309 करोड़ रुपये के बॉन्ड वापस खरीदे

**मुंबई:** सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से आयोजित अदला-बदली नीलामी के तहत 6,309 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियां (जी-सेक) वापस खरीद ली हैं और उनके बदले 6,431.79 करोड़ रुपये के नए बॉन्ड जारी किए हैं। सरकारी प्रतिभूति कम जोखिम वाले ऋण साधन होते हैं जिन्हें सरकार जारी करती है। सरकारी गारंटी वाली इन प्रतिभूतियों पर निश्चित प्रतिफल मिलता है। सरकार की तरफ से दोबारा खरीदी गई प्रतिभूतियां अगले वित्त वर्ष में परिपक्व होने वाले निर्धारित बॉन्ड का हिस्सा थीं। इनमें 1,684 करोड़ रुपये मूल्य के 7.33 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 1,035 करोड़ रुपये मूल्य के 5.74 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड, 590 करोड़ रुपये मूल्य के 8.15 प्रतिशत जीएस 2026 बॉन्ड और 3,000 करोड़ रुपये के 8.24 प्रतिशत जीएस 2027 बॉन्ड शामिल हैं। इन बॉन्ड के बदले सरकार ने 1,719.23 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड, 986.52 करोड़ रुपये मूल्य के 7.62 प्रतिशत जीएस 2039 बॉन्ड, 605.60 करोड़ रुपये मूल्य के 6.57 प्रतिशत जीएस 2033 बॉन्ड और 3,120.42 करोड़ रुपये के 7.40 प्रतिशत जीएस 2062 के बॉन्ड जारी किए।

## बेंगलुरु: वाणिज्यिक गैस संकट के कारण 10 मार्च से बंद हो सकते हैं होटल

**बेंगलुरु** : बेंगलुरु में होटल और रेस्तरां 10 मार्च से प्रभावित हो सकते हैं क्योंकि वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति अचानक पूरी तरह बंद हो गई है। बैंगलोर होटल एसोसिएशन ने सोमवार को यह जानकारी दी। यह संकट पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से ऊर्जा की बढ़ती कीमतों और आपूर्ति में आ रही दिक्कतों के कारण पैदा हुआ है। एसोसिएशन ने एक आधिकारिक बयान में कहा, गैस की आपूर्ति बंद होने के कारण कल से होटल बंद रहेंगे।

## कच्चे तेल में उछाल से सेंसेक्स 1,353 अंक फिसला, निफ्टी भी भारी नुकसान में

### पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद से शेयर बाजार के निवेशकों की संपत्ति में 22 लाख करोड़ रुपये घटी

**मुंबई** : स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,353 अंक का गोता लगा गया, जबकि एनएसई निफ्टी 422 अंक लुढ़क गया। पश्चिम एशिया में गहराते संकट के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के साथ भारी बिकवाली से बाजार नीचे आया। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में गिरावट से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,352.74 अंक यानी 1.71 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,566.16 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 2,494.35 अंक यानी 3.16 प्रतिशत का गोता लगाकर 76,424.55 अंक पर आ गया था। कुल 3,379 शेयरों में गिरावट दर्ज की गयी जबकि 972 शेयर लाभ में रहे। वहीं 185 के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 422.40 अंक यानी 1.73 प्रतिशत टूटकर 24,028.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 752.65 अंक यानी 3.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,697.80 अंक पर आ गया था। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पश्चिम एशिया संघर्ष के दूसरे सप्ताह में प्रवेश करने और तनाव कम होने के कोई संकेत नहीं दिखने के कारण बिकवाली तेज हो गई है। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार वृद्धि से मुद्रास्फीति बढ़ने और आर्थिक वृद्धि को जोखिम है। इससे आरबीआई के नीतिगत रुख में जटिलताएं आने की संभावना है। अमेरिका में कुछ विशिष्ट कोषों में निकासी पर सीमा लगाये जाने की आशंका ने भी बिकवाली में योगदान दिया।

## न्यूज अपडेट

### चांदी 3,400 रुपये टूटकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर, मजबूत डॉलर से सोना स्थिर

**नयी दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमतें 3,400 रुपये टूटकर 2.68 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, और सोना लगभग स्थिर 1,64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच मजबूत डॉलर ने कीमती धातुओं की मांग को कम कर दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी ने लगातार तीसरे दिन अपनी गिरावट जारी रखी और शुक्रवार के 2,71,700 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 3,400 रुपये या लगभग 1.3 प्रतिशत टूटकर 2,68,300 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई।

### रुपया 39 पैसे टूटकर अपने सबसे निचले स्तर 92.21 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई:** पश्चिम एशिया के बिगड़ते हालात के बीच कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और डॉलर के मजबूत होने से सोमवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 39 पैसे लुढ़ककर 92.21 प्रति डॉलर के अपने सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशीमुद्रा कारोबारियों ने कहा कि दुनिया में अनिश्चितता बढ़ने से ऊर्जा की कीमतें बढ़ने का खतरा है। इससे व्यापार घाटा बढ़ सकता है और महंगाई का दबाव बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों में भारी बिकवाली के बीच विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से रुपये पर और दबाव पड़ा।

### ईरान युद्ध के बीच 'जी7' ने फिलहाल रणनीतिक तेल भंडार के उपयोग से किया इनकार

**न्यूयॉर्क:** विश्व की सात प्रमुख औद्योगिक अर्थव्यवस्थाओं के समूह 'जी-7' ने ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों पर पड़ रहे असर को रोकने के लिए फिलहाल अपने रणनीतिक तेल भंडार का उपयोग नहीं करने का फैसला किया है। फ्रांस के वित्त मंत्री रोलैंड लेस्क्योर ने 'जी-7' सदस्य देशों के वित्त मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा, 'हम अभी उस स्थिति में नहीं पहुंचे हैं जहां भंडार खोलने की जरूरत हो।' लेस्क्योर ने ब्रसेल्स में संवाददाताओं से कहा, 'हम बाजारों को स्थिर करने के लिए रणनीतिक भंडारण जैसे आवश्यक और समन्वित कदम उठाने के लिए तैयार हैं।'

### पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत-खाड़ी देशों के बीच छोटे जहाजों की संख्या बढ़ाई जाएगी: फियो

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया संकट के कारण समुद्री माल भाड़ा 300 प्रतिशत तक बढ़ जाने के बीच भारत और खाड़ी देशों के बीच 15 अप्रैल से भारत और खाड़ी देशों के बीच छोटे जहाजों और मालवाहक कंपनियों की संख्या बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। भारतीय निर्यातकों के संघों के महासंघ (फियो) के महानिदेशक अजय सहाय ने सोमवार को यह जानकारी दी। सहाय ने बताया कि अमेरिका और इजराइल के संयुक्त हमले के कारण उत्पन्न संकट के कारण निर्यातकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर निर्यातकों और पोत परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी के साथ बैठक हुई, जिसमें लगभग 400 निर्यातकों ने भाग लिया। बैठक में उन्होंने कंटेनर की आवाजाही में आने वाली मुश्किलों को साझा किया। फियो के महानिदेशक ने कहा, निर्णय लिया गया है कि 15 अप्रैल से भारत और पश्चिम एशियाई देशों के बीच 'नॉन-वेसल ऑपरेटिंग कॉमन कैरियर्स' (एनवीओसीसी) की संख्या बढ़ाई जाएगी। यह कदम निर्यातित माल को जल्दी पहुंचाने में मदद करेगा। एनवीओसीसी ऐसी लॉजिस्टिक्स कंपनी होती हैं जो समुद्र के रास्ते माल परिवहन की सेवाएं प्रदान करती है, लेकिन इसके पास अपने जहाज नहीं होते हैं। सहाय ने बताया कि युद्ध के कारण समुद्री और हवाई माल भाड़ा दोनों में वृद्धि हुई है। विदेशी पोत परिवहन कंपनियां अतिरिक्त शुल्क (सुरक्षा शुल्क) लगा रही हैं, जो 1,500 से 4,000 डॉलर के बीच है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा, कोलकाता से पश्चिम एशिया तक हवाई माल भाड़ा 190 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़कर 430 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है।

वर्ष 10, पूर्णांक 3526 अंक 336 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in